दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 04
अंकः-84
मुरादाबाद
14 July 2024
(Sunday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया


भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## उपचुनाव में एनडीए पर भारी पड़ा इंडी गठबंधन, 13 में से आठ सीटें जीतीं

सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में से 11 सीटों के नतीजे घोषित हो गए हैं। लोकसभा चुनाव के बाद एक बार फिर एनडीए बनाम इंडी गठबंधन की लड़ाई देखने को मिली, लेकिन इस बार इंडी गठबंधन एनडीए पर भारी पड़ा और विपक्षी गठबंधन ने 10 सीटों पर कब्जा जमाया। भाजपा को उपचुनाव में सिर्फ दो सीटों पर जीत से संतोष करना पड़ा। बिहार की रुपौली सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। अपनी जीत पर कांग्रेस उम्मीदवार लखपत सिंह बुटोला ने कहा, %बदरीनाथ की जनता का मैं बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं... तमाम लोग जिन्होंने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से न्याय की इस लड़ाई में मेरा साथ दिया है, उन्हें इसका श्रेय जाता है%



क नतीजों में इंडी गठबंधन एनडीए पर भारी पड़ा है। अभी तक के नतीजों में इंडी गठबंधन ने उपचुनाव वाली 13 सीटों में से आठ पर जीत दर्ज कर ली है और दो सीटों पर इंडी गठबंधन के उम्मीदवार आगे हैं। हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर सीट और मध्य प्रदेश की अमरगढ़ सीट पर ही भाजपा को जीत मिली है। वहीं बिहार की रुपौली सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। उत्तराखंड की बदरीनाथ सीट पर कांग्रेस के लखपत बुटोला ने जीत दर्ज की हैं। वहीं मंगलौर सीट पर भी कांग्रेस के काजी मोहम्मद निजामुद्दीन आगे हैं। हालांकि मंगलौर सीट पर कड़ा मुकाबला है और भाजपा उम्मीदवार करतार सिंह भड़ाना भी कांग्रेस उम्मीदवार से ज्यादा पीछे नहीं हैं। उल्लेखनीय है कि बदरीनाथ सीट पर विधानसभा चुनाव में राजेंद्र भंडारी ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी, लेकिन बाद में वे कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। इन उपचुनाव में राजेंद्र भंडारी भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में थे, लेकिन जनता ने उन्हें इस बार नकार दिया। तमिलनाडु की विक्रवंडी सीट पर हुए उपचुनाव में डीएमके उम्मीदवार अन्नीयूर शिवा आगे चल रहे हैं। डीएमके उम्मीदवार ने निर्णायक बढ़त बनाई हुई है और वह करीब 40 हजार वोटों से आगे चल रहे हैं। बंगाल की रायगंज सीट से टीएमसी ने जीत हासिल की है। टीएमसी के कृष्णा कल्याणी रायगंज से चुनाव जीत गए हैं। देहरा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी और अपनी पत्नी कमलेश ठाकुर की जीत पर हिमाचल प्रदेश के सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा %हिमाचल की जनता ने हमें 2022 में 40 सीटें दी थी, हमें फिर से जिताना जनता ने तय किया है। जिस प्रकार की खरीद-फरोक्त हिमाचल में हुई है उसका जवाब जनता ने दिया है... देहरा उपचुनाव में मैंने अपनी सरकार की साख दांव पर लगाई थी, 25 साल से कांग्रेस पार्टी वहां जीत नहीं पा रही थी। जब मुख्यमंत्री अपने परिवार के किसी व्यक्ति को मैदान में उतारता है तो उसकी साख भी दांव पर होती है, भाजपा ने पूरा जोर लगाया लेकिन मैं देहरा की जनता का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने अपने विवेक का इस्तेमाल किया और कमलेश ठाकुर की एक अच्छी जीत हो रही है। मैं उन्हें बधाई देता हूं।%हिमाचल प्रदेश की देहरा विधानसभा सीट से जीतीं सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर। जीत के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि %मैं इसका पूरा श्रेय जनता को दूंगी कि उन्होंने हमारा इतना साथ दिया। मुख्यमंत्री का अपना काम है और देहरा के लोगों के प्रति मेरी अपनी जिम्मेदारी है, दोनों अपनी-अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे।%लोकसभा चुनाव के बाद हुए उपचुनाव को एनडीए बनाम इंडी गठबंधन की लड़ाई बताया गया। अभी तक के रुझानों में इंडी गठबंधन एनडीए पर भारी पड़ता दिख रहा है क्योंकि 13 में से 10 सीटों के उपचुनाव के नतीजों में इंडी गठबंधन के उम्मीदवार आगे चल रहे हैं। वहीं जालंधर पश्चिम सीट आम आदमी पार्टी ने जीत ली है। पश्चिम बंगाल की राणाघाट दक्षिण से झस्ष्ट उम्मीदवार मुकुट मणि अधिकारी ने उपचुनाव की मतगणना पर कहा, %5 राउंड की गिनती के बाद हमारी पार्टी यहां 13 हजार वोटों से आगे चल रही है, लोगों ने हमें जो समर्थन और आशीर्वाद दिया है, उसके आधार पर हमें लगता है कि अगले 6 राउंड में यह समर्थन और बढ़ेगा और हमारी पार्टी की जीत होगी।%जालंधर पश्चिम सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मोहिंदर भगत ने जीत हासिल की है। यहां दूसरे स्थान पर कांग्रेस और तीसरे स्थान पर भाजपा उम्मीदवार रहे।

## उन्नाव बस हादसे पर सीएम योगी सख्त: डग्गामार और बिना परमिट के चलती मिलीं बसें तो नपेंगे बड़े अफसर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि इस तरह की घटनाओं के लिए बड़े अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। उन्होंने अपने आवास पर हुई बैठक में अफसरों को सख्त निर्देश दिए। उन्नाव बस हादसे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त रुख अख्तियार किया है। परिवहन विभाग के अधिकारियों को सीएम योगी ने दो टूक निर्देश दिये हैं कि भविष्य में प्रदेश की सड़कों पर डग्गामार या बिना परमिट कोई बस चलती मिली तो संबंधित अधिकारियों की खैर नहीं। अपने सरकारी आवास पर एक अति महत्वपूर्ण बैठक के दौरान परिवहन विभाग के अधिकारियों को सीएम ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश में चल रही सभी यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की गहनता से जांच की जाए। वहीं मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद परिवहन विभाग ने पूरे प्रदेश में एक माह तक डग्गामार और बिना



परमिट वाले वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान के निर्देश जारी कर दिये हैं। डग्गामार वाहनों को सड़क पर आने से पहले ही रोकें- मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव परिवहन को निर्देशित करते हुए कहा कि आखिर डग्गामार और बिना परमिट वाली बसें सड़कों पर कैसे बेरोकटोक घूम रही हैं। ऐसी बसों के खिलाफ पूरी सख्ती के साथ अभियान चलाएं और इनके मालिकों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए। सीएम योगी ने स्पष्ट तौर पर निर्देशित करते हुए कहा है कि जहां भी इस प्रकार की बसों का संचालन हो रहा है, वहां के परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में पंजीकृत सभी यात्री बस और स्कूल बसों के फिटनेस, परमिट, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की जांच की जाए। इसके बाद कहीं भी कोई अप्रिय घटना हुई तो सीधे सीधे परिवहन विभाग के अधिकारी जिम्मेदार होंगे। कहा कि डग्गामार और बिना परमिट वाले वाहन किसी भी दशा में सड़क पर न उतरने पाए। उन्होंने कहा कि डग्गामार और बिना परमिट वाली बसों को सड़क पर आने से पहले ही रोकना होगा। एक माह तक चलेगा सघन अभियान- मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद परिवहन विभाग के आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने प्रदेश के सभी उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) को निर्देश दिए हैं कि एक माह तक अनवरत रूप से सड़क अभियान चलाया जाए। इस दौरान यात्री बसों के साथ ही स्कूली वाहनों की भी चेकिंग की जाए। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के विभिन्न टोल प्लाजा पर संभागीय परिवहन अधिकारियों की तिथिवार ड्यूटी लगा दी है साथ ही निर्देश दिये हैं निर्धारित तिथियों में प्रत्येक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सम्बन्धित टोल प्लाजा पर स्वयं उपस्थित होकर सम्भाग के समस्त प्रवर्तन अधिकारियों के साथ इन्फोर्समेंट की कार्रवाई करेंगे। चिन्हित स्थानों पर एक-एक इण्टरसेप्टर तैनात की जाएगी। इस दौरान की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी और फोटो विभाग के व्हाट्सएप ग्रुप में प्रेषित की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा विधायक बोले- केंद्र हस्तक्षेप करे तभी यूपी में 2027 में बनेगी सरकार, अभी खराब है पार्टी की हालत

विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार को कुछ बड़े फैसले लेने होंगे, तभी 2027 में भाजपा की यूपी में सरकार बन सकेगी। पीडीए ने जो भ्रम फैलाया है, उससे भाजपा की स्थिति खराब है। वीडियो चार दिन पुराना बताया जा रहा है। बदलापुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रमेशचंद्र मिश्रा ने एक वीडियो संदेश जारी करके यूपी की राजनीति में हलचल बढ़ा दी है। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार को कुछ बड़े फैसले लेने होंगे, तभी 2027 में भाजपा की यूपी में सरकार बन सकेगी। पीडीए ने जो भ्रम फैलाया है, उससे भाजपा की स्थिति खराब है। वीडियो चार दिन पुराना बताया जा रहा है।लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं था। जौनपुर की बदलापुर विधानसभा सीट पर भी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। अब दो बार के विधायक रमेश मिश्रा का वीडियो सामने आया है। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करके बड़ा निर्णय लेना पड़ेगा, तभी कुछ हो सकेगा। 2027 में सरकार बन सकेगी।इस सिलसिले में अमर उजाला ने मोबाइल फोन के जरिये विधायक बात भी की है। इस पर विधायक ने कहा कि यूपी के अधिकारी मनबढ़ हो गए हैं। वे जनता की नहीं सुन रहे हैं। जनप्रतिनिधियों का सम्मान भी नहीं बचा है। सब मनमानी पर उतारू हैं, इसलिए वीडियो संदेश के जरिये अपनी बात कहनी पड़ी है। बैठक करके इस समस्या का समाधान निकालना चाहिए।

## यूपी में पार्टी की हालत खराब..., भाजपा नेता के बयान पर अखिलेश का तंज- भाजपा के पास पीडीए का जवाब नहीं

जौनपुर की बदलापुर सीट से भाजपा विधायक रमेश मिश्रा के बयान पर सियासी भूचाल आ गया है। भाजपा विधायक के बयान पर अखिलेश यादव ने पलटवार किया है। उत्तर प्रदेश के जौनपुर की बदलापुर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक रमेशचंद्र मिश्रा के वीडियो संदेश ने राजनीति में हलचल बढ़ा दी है। भाजपा विधायक के वीडियो संदेश के बाद राजनीति शुरू हो गई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। इससे पहले, गुरुवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता मोती सिंह ने तो अपने 42 साल पर सात साल भारी बता दिए।अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए लिखा कि पीडीए सकारात्मक सौहार्द का नया इतिहास लिखने वाली है। पीडीए की रणनीति का जिक्र करते हुए उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा। उनकी राजनीति को शोषण करने वाली नकारात्मक राजनीति बताया है। अखिलेश यादव ने पोस्ट में लिखा समाजवादी पार्टी की 'PDA' की नीति - आम जनता को उसका हक़ दिलवानेवाली- -आम जनता का कल्याण करनेवाली -शोषण-उत्पीड़न से आम जनता की रक्षा करनेवाली अगड़ों में भी उत्पीड़ितों को प्रभुत्ववादियों के अत्याचार से बचानेवाली -किसान, मज़दूर, वर्ग और तबके को जोड़नेवाली -सामुदायिक राजनीति का नया युग शुरू करनेवाली - लिखनेवाली नीति है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि पीडीए की पॉजिटिव पॉलिटिक्स का कोई जवाब नहीं है। इसीलिए भाजपा के अपने ही सहयोगी भी या तो किसी बहाने से भाजपा से बाहर आना चाहते हैं या वैचारिक दूरी जनप्रतिनिधि ऐसे किसी वीडियो को। भाजपाई खेमे की चिंता सिर्फ यूपी के 2027 के जागरूक जनता में जो नयी सामाजिक-आर्थिक चेतना आ गयी है, उसी का नाम 'पीडीए' योगी के खिलाफ मोर्चा खोला समाजवादी पार्टी मीडिया सेल नाम से पोस्ट किया गया खुलकर मोर्चा खोल दिया है। ब्राह्मण मिश्रा जी का कहना है कि केंद्र भाजपा सरकार विधायक खुद स्वीकार कर रहे हैं कि आज के परिदृश्य में सपा सरकार 2027 में बनेगी। जा रही जो कि लोकसभा चुनाव पूर्व दिल्ली सीएम केजरीवाल जी ने आशंका जताई थी?



-संविधान-आरक्षण को बचानेवाली -पिछड़े-दलितों-अल्पसंख्यकों-आदिवासियों-आधी आबादी और महिला, युवा, कारोबारी, नौकरीपेशा, दुकानदारों और बाक़ी सबका भी ख़्याल रखनेवाली -समाज के हर सामाजिक सौहार्द, एकता, भाईचारे को एक सूत्र करनेवाली -सकारात्मक राजनीति का नया इतिहास भाजपा की आम जनता का शोषण करने वाली, समाज को तोड़ने वाली नकारात्मक राजनीति के पास लोगों में हड़बड़ाहट है। पीडीए ही भाजपा के अंदर-बाहर भगदड़ का कारण बन रहा है। भाजपा के तथाकथित दिखाना चाहते हैं। कोई चिट्ठी को माध्यम बना रहा है, कोई अपनी नाराजगी भरे बयान को और कोई अंदरूनी चुनाव हारने की ही नहीं है, बल्कि भविष्य का हर चुनाव हारने की है। पीडीए एक नव जागरण है। आज की है। पीडीए वर्तमान के पटल पर सामाजिक अखंडता के नये भविष्य का उद्घोष है। भाजपा विधायक ने सीएम है कि भाजपा के ब्राह्मण विधायक रमेश मिश्रा ने यूपी के ठाकुर सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ यूपी में बड़े निर्णय ले, वरना आज की तारीख में 2027 में यूपी में भाजपा सरकार रिपीट नहीं होगी। भाजपा अब सोचने वाली बात ये है कि क्या ये केंद्र भाजपा द्वारा ठाकुर सीएम योगी को हटाने की व्यूह रचना रची खैर हमें क्या, ये भाजपा का अंदरूनी मामला है, भाजपा जाने, योगी को हटाए या रखें। 2027 में PDA की सपा सरकार बनने जा रही है ये भाजपाई भी स्वीकार कर रहे। यूपी में भयंकर भ्रष्टाचार, अव्यवस्था, कुशासन, भाजपाई और सरकारी गुंडई खुलकर हावी है, कल खुद सीएम योगी के स्वजातीय ठाकुर भाजपा नेता मोती सिंह ने यूपी में योगी नेतृत्व में भयंकर भ्रष्टाचार को स्वीकार किया है। केंद्र हस्तक्षेप करे तभी यूपी में 2027 में बनेगी सरकार, अभी खराब है पार्टी की हालत- आपको बता दें कि बदलापुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रमेशचंद्र मिश्रा ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि केंद्र सरकार को कुछ बड़े फैसले लेने होंगे, तभी 2027 में भाजपा की यूपी में सरकार बन सकेगी। पीडीए ने जो भ्रम फैलाया है, उससे भाजपा की स्थिति खराब है। वीडियो चार दिन पुराना बताया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं था। जौनपुर की बदलापुर विधानसभा सीट पर भी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। अब दो बार के विधायक रमेश मिश्रा का वीडियो सामने आया है। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करके बड़ा निर्णय लेना पड़ेगा, तभी कुछ हो सकेगा। 2027 में सरकार बन सकेगी।रोह में पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं के बीच अपनी ही सरकार में अफसरों के काम-काज पर नाराजगी जताई। कहा कि मुझे कहने में ये संकोच भी नहीं है कि मेरे राजनीतिक जीवन के 42 सालों में तहसील और थानों में ऐसा भ्रष्टाचार न सोच सकते थे...न देख सकते थे, वो अकल्पनीय है। जिला प्रभारी कौशलेंद्र सिंह पटेल की मौजूदगी में पूर्व मंत्री ने आगे कहा कि जिलों में बिजली थाने खुल गए हैं, एक बल्ब हमने घर में ज्यादा जला लिया, तुरंत बिजली थाने वाले पहुंच जा रहे हैं। मुकदमा लिखने की धमकी देकर वसूली कर रहे हैं। क्या हम अपराधी हैं। कार्रवाई कर दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल पूर्व मंत्री के बयान पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने ट्वीट कर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा राज में तहसील व थाने के अभूतपूर्व रिकार्ड तोड़ भ्रष्टाचार पर भाजपा के लोग ही जब प्रमाण पत्र बांट रहे हैं तो इस अकल्पनीय भाजपाई भ्रष्टाचार पर कार्रवाई के लिए और कोई सुबूत चाहिए। अब देखते हैं बुलडोजर किस ओर मुड़ता है। इसे लेकर सियासी माहौल गरमाया हुआ है।

## संपादकीय Editorial

# AAP should appear

Aam Aadmi Party (AAP) is the first national political party to be accused in a criminal case. Now, a case will be filed against AAP in the court. The court has ordered both Kejriwal and AAP to appear. If AAP is punished for the crime, the Election Commission can also cancel the party's recognition. This extreme situation has come in just 12 years. AAP's national convenor, i.e., chief Kejriwal has also been accused. Despite being the Chief Minister, he is in jail. Manish Sisodia, who was the Deputy Chief Minister in his cabinet, and Satyendra Jain, who was the Health Minister, are also in jail for a long time. The reference is to a Rs 100 crore bribe and scam under the guise of the new liquor policy in Delhi. The Enforcement Directorate (ED) has called Kejriwal the 'kingpin' in the chargesheet filed in the court. It is ironic that the existence of the party which was founded from the movement against corruption and which has been claiming 'radical honesty' and purity till date, is in danger due to serious allegations of corruption. AAP spokespersons and leaders cannot dismiss the chargesheet by talking about electoral bonds. It is up to the ED to prove that not even a penny has been recovered against Kejriwal, yet he is in jail. The evidence and money trail also have to be presented by the ED. The investigating agency must have been presenting some evidence before the judges till now, on the basis of which the incumbent Chief Minister is also in jail. Now the trial will be held in the court and it will give the final conclusion. Prime Minister Modi and BJP have no role now. Kejriwal is constantly talking about political rivalry in front of the court, but till now the discretion of the court has not been affected. Actually the basic allegation is of a bribe of Rs 45 crore, which was sent through hawala during the Goa elections. Of course, Kejriwal's side may keep giving any arguments, but the main beneficiary is AAP and its chief Kejriwal. The hawala traders' companies have different names, but they were associated with Kejriwal and AAP. Charanpreet Singh's bank account has been mentioned in the chargesheet. Hawala money had come to him and he was an AAP worker in Goa. Kejriwal's lawyers have to prove that Kejriwal and Charanpreet had no close relationship. He was not working on the basis of the party. He had no role in distributing cash to election candidates in Goa. The names, statements and details of the election candidates who were given cash have also been recorded by the ED in the chargesheet. Bank notes and their serial numbers have also been mentioned. Anyway, even if we consider these to be mere allegations, now the court has to decide who is true and who is a criminal? Since AAP has been considered to be the beneficiary, it has been made accused number 38, while Kejriwal is accused number 37. The question is whether a political party also comes under the purview of the money laundering law? How will a case be filed against it? Will a case be filed only against the main in-charges of the party? According to the chargesheet, under section 70 of PMLA, AAP is the beneficiary of criminal income of Rs 45 crore. In section 3, AAP has also been held guilty of the crime of money laundering. Section 70 also clearly states that the person in charge of the company will be considered a criminal. The definition of a company in the law applies to AAP as well. Chief Minister and AAP national convenor Kejriwal was also aware of the criminal income. However, if the company is proved guilty, its responsible in-charges will go to jail and the party will be fined financially. Now it will be clear in the court whether Kejriwal was the supreme leader or someone else?

# Middle class expectations from the budget: Tax exemption will increase purchases and consumption, concessions will be the reason for GDP growth

The tax exemption given to the middle class will come to the markets in the form of purchases and then consumption will increase, which will be the reason for GDP growth. Finance Minister Nirmala Sitharaman is once again preparing to present the budget. The interim budget she presented before the Lok Sabha elections may have been a balanced budget, but no relief was given to the middle class in it. Now that she is about to present the full budget, the expectations of the people, especially the middle class, have increased from her, because at present she is in a position to give relief. It is this middle class that helps in maintaining the pace of the economy by making large-scale purchases. The Finance Minister herself has admitted that the GDP growth is due to increasing consumption in the country. She admitted that due to increased consumption, the speed of factories also increases, which increases employment, which ultimately promotes consumption by increasing the purchasing power of the people. Today, India's automobile industry is also flourishing on the strength of this class. Not only this, the country's upper middle class is also paying heavy taxes by purchasing luxury items. They send their children to foreign colleges and universities to get a good education and make Indian banks rich by paying huge interest. The contribution of the middle class to the Indian economy is remarkable, so they expect some incentives from the government. This time, the tax collection has been much more than the government's expectations. There has been an unexpected increase in direct and indirect taxes. GST collection has increased to an average of Rs 1.75 lakh crore every month. On the other hand, income tax collection has also increased. That means the government has a lot of scope to provide relief. If the Finance Minister wants, she can reduce the income tax rates, which has been demanded for a long time. Income tax is a big obstacle in front of the middle class and lower middle class, which is limiting their spending capacity. Due to rising inflation in the country, people are facing difficulties in running their households. The public demands that the old income tax rate should be reduced to 5 to 20 percent, because the person paying income tax is also paying GST. In some cases, the taxpayer is paying 50% tax in total. Still, he is not getting free education or free health care for his children. Reduction in tax will also increase their consumption power. Some businessmen suggest that all types of taxes should be removed and a one-nation-one-tax system should be implemented. That is, the bank transaction tax system should be implemented, so that the time spent in tax compliance can be saved and used in business. Some experts believe that the Finance Minister should increase the limit of 80C. In the year 2014, the then Finance Minister Arun Jaitley had increased it to Rs 1.50 lakh, which benefited the taxpayers. Inflation has increased so much in the last ten years that now even this is not of much benefit. Therefore, the limit of 80C should be increased to Rs 2 lakh. It is worth noting that the money invested in 80C is also useful for the government. The government uses the money invested by people in PPF, NSC etc. for its own work. The government should also increase the limit of 80D. This is related to medical expenses, the limit of which has not been increased for a long time, while medical costs have increased significantly. Also, the 18 percent GST on medical insurance should also be reduced, because insurance companies have increased their premiums arbitrarily. Due to this, lakhs of people leave health insurance midway. To make insurance popular, it is necessary that the tax on its premium is reduced. This will also create employment on a large scale. Right now the government's treasury is full and in the coming time, it will increase further. Therefore, the Finance Minister can fulfill the demands of the people. History is a witness that tax collection does not decrease by reducing the tax rate. This is necessary to increase GDP, because the tax exemption given to the middle class will come to the markets in the form of shopping and then consumption will increase, which will lead to an increase in GDP.



# Pakistan and tolerance: Insecurity among minorities a cause of concern, formation of minority commission an optimistic initiative

At the time of partition, 23 per cent of Pakistan's population was minority or non-Muslim. Sadly, today this figure has come down to just three to four per cent. In such a situation, the presence of a few minorities in select places is not enough to make Pakistan tolerant and fully inclusive.This is the true story of a group of women who decided to go on a much-needed vacation. But there was one condition for going on a group vacation, which everyone had to agree on before the trip. The condition was that this vacation would be phone-free. No one was allowed to carry a mobile phone. If someone wanted to take pictures, they had to take a traditional camera with them or they could take photos with a disposable camera, which is very common now. Can you imagine women who were addicted to their mobile phones had to learn the art of conversation? They actually had to communicate with each other and not always send messages on X (Twitter) or Instagram. This is not easy for everyone to do because people are so addicted to mobile phones that they keep the phone on the table next to their bed at night. Does anyone remember how decades ago when people used to go on holidays abroad and the only way to stay in touch with friends and family at home was to send colourful postcards or if one wanted to talk to someone in their home country, one had to book a call from the hotel's landline or a public telephone booth outside? It certainly seems like a different world. But today when you are on holidays, you are not deprived of anything because mobile phones and online news keep you updated with every happening in the world. You do not miss anything. Also, easy access to a television set also ensures that you are not cut off from the real world and you are updated with every activity. Well, I am back with a great news which is a historic achievement. For the first time in the history of Pakistan, a non-Muslim (actually Christian) person has reached a very senior position in the country's Special Services Group. Let me tell my Amar Ujala readers that at the time of partition, 23 percent of Pakistan's population was minority i.e. non-Muslim. Sadly, today this figure has come down to only three to four percent. After partition, a large number of Hindus and Sikhs migrated from Pakistan to India. Today, the minorities left in Pakistan include Hindus, Sikhs, Christians, Parsis, Buddhists, Ahmadis, Baha'is and others. Pakistan has set up a National Minority Commission to create inter-religious harmony. So when Major General Julian James became the first non-Muslim to achieve the rank of two-star general in the Army's Special Services Group, it was considered a major achievement. A comment after her promotion said, "This milestone, considered significant in government circles, not only marks a personal triumph for Major General James, but also exemplifies the armed forces' commitment to reward performance and merit irrespective of caste and creed." Such events often challenge negative narratives and offer a more optimistic outlook. Historically, events fuelled by religious intolerance have fuelled a sense of insecurity among Pakistan's minority communities - a sentiment that has been further exacerbated by the recent spate of sectarian violence in various parts of the country. However, Major General James' promotion publicly reinforces the contrary perception that there is full acceptance, inclusion and equitable treatment of minority groups in the military and government services. Earlier, another notable achievement was seen when Dr Helen Mary Roberts became the first Christian woman to become a Brigadier in the Medical Corps. Dr Roberts' success inspires women across Pakistan, especially those from the Christian community. The promotion of Brigadier Dr Helen, who belongs to the Army Medical Corps, has also broken the deep-rooted stereotypes in the system and has shown the ability of women and minorities to reach higher positions. Her success is certainly a source of inspiration for girls and minority communities. Now a large number of people from Hindu and Sikh communities are joining the Pakistan Army and the fact is that they want to get education and the army is encouraging them. I remember that the first person I interviewed was Hindu officer Dr Kailash Kumar, when he was promoted to the post of Lieutenant Colonel. When I got the opportunity to interview him, he had just passed out from Kakul Military Academy. But the most interesting interview was of the first Sikh officer to join the Pakistan Army. He is Sikh officer Harcharan Singh, who is serving as Major in the Pakistan Army. But the interesting fact is that according to the Constitution of Pakistan, it is necessary to be a Muslim to become the Prime Minister or President of the country. In Pakistan, non-Muslims can never hold the highest posts like Prime Minister or President. Fortunately, such rules and regulations are not necessary to join the Pakistani army. There is no constitutional bar on a non-Muslim becoming the army chief, at least in this case, the Pakistani The army is tolerant and democratic, although the fact is that till now no non-Muslim has become the army chief in the country.

## चार हजार की रिश्वत... 15 दिन लगवाए चक्कर, सीबीआई ने बैंक मैनेजर को पकड़ा तो जोड़ने लगा हाथ

मुरादाबाद में रिश्वत लेने के आरोप में सीबीआई की टीम ने बैंक मैनेजर और सहयोगी को गिरफ्तार किया है। बैंक मैनेजर ने किसान को रिश्वत के लिए 15 दिन तक लगातार परेशान किया। रकम नहीं मिली तो उसने फाइल को आगे नहीं बढ़ाया। इसके बाद किसान ने सीबीआई टीम से संपर्क किया। गाजियाबाद की सीबीआई टीम ने यूपी ग्रामीण प्रथमा बैंक की सरकड़ा खास विश्नोई शाखा में छापा मारा। टीम ने बैंक मैनेजर सचिन पैसल और उसके सहयोगी मुकेश कुमार को एक लाख 82 हजार रुपये के साथ पकड़ लिया। बैंक मैनेजर सचिन पैसल ने चार हजार की रिश्वत के लिए किसान को 15 दिन तक परेशान किया। मैनेजर ने साफ कह दिया था कि रकम नहीं मिलेगी तो फाइल आगे नहीं बढ़ेगी। किसान ने परेशान होकर सीबीआई से संपर्क किया और मैनेजर की शिकायत की डिलारी के महेशपुर निवासी अमित कुमार के भाई ललित कुमार ने बताया कि उनके पास 36 बीघा जमीन है। बड़े भाई अमित कुमार ने किसान क्रेडिट कार्ड बनवा रखा है। जिस पर एक लाख 80 हजार रुपये का लोन था। लोन की रकम अदा करने के बाद दोबारा लोन लेना था। इसके लिए 15 दिन पहले मैनेजर से संपर्क किया था। तब मैनेजर ने अपने सहयोगी मुकेश के पास भेज दिया था। मुकेश ने पांच हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। अमित ने मैनेजर से मुकेश की शिकायत की तो मैनेजर ने कहा कि वह मेरे कहने पर ही रकम मांग रहा है। कई बार अनुरोध करने पर भी मैनेजर फाइल पास करने को तैयार नहीं हुआ। उसने धमकाते हुए कहा था कि अगर लोन चाहिए तो चार हजार रुपये खर्च करने ही होंगे। कई बार उसे बैंक से लौटना पड़ा था। इसके बाद गाजियाबाद की सीबीआई टीम से फोन पर शिकायत की थी। एक दिन पहले ही मुरादाबाद पहुंच गई थी सीबीआई टीम- सीबीआई की टीम एक दिन पहले की गाजियाबाद से मुरादाबाद पहुंच गई थी। टीम में छह सदस्य थे। टीम के सदस्य लगातार किसान अमित के संपर्क में रहे। शुक्रवार सुबह टीम डिलारी पहुंच गई। मैनेजर और उसके सहयोगी को दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि सहयोगी मुकेश ही किसानों से डील करता था। छह प्रतिशत कमीशन भी मांगा- किसान अमित कुमार से मैनेजर और उसके सहयोगी ने दोबारा केसीसी पर लोन करने के लिए 6 प्रतिशत कमीशन की भी मांग की थी। रकम खाते में आने पर कमीशन की रकम देनी थी। पहले भी केसीसी के नाम पर मांगी गई थी रकम- 29 जुलाई 2022 को सीबीआई की टीम ने कांठ क्षेत्र में एक बैंक में छापा मारकर फील्ड ऑफिसर को दबोचा था। आरोपी ने किसान से किसान क्रेडिट कार्ड की फाइल पास करने के नाम पर 12 हजार रुपये की मांग की थी। इसके अलावा मूंढापांडे क्षेत्र में भी बैंक मैनेजर को रिश्वत लेते हुए सीबीआई ने रंगेहाथ दबोच लिया था।

## धड़ल्ले से नाबालिग दौड़ा रहे वाहन, छह माह में कोई चालान नहीं, परिवहन विभाग के असफर बन रहे अंजान

मुरादाबाद में अफसरों की लापरवाही के कारण नाबालिग चालक फर्राटा भर रहे हैं। इससे हादसे होने का खतरा बढ़ रहा है। अधिकारियों का कहना है कि इस पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही स्कूल प्रबंधकों को भी इसके बारे में सूचित किया जाएगा। मुरादाबाद में परिवहन विभाग की ढिलाई के कारण सड़कों पर नाबालिग फर्राटे से वाहन चला रहे हैं। बीते छह माह में परिवहन विभाग ने नाबालिगों के वाहन चलाने व रेड लाइट जंप करने में एक भी चालान नहीं किया है, जबकि स्कूल, कॉलेजों के बाहर व सड़कों पर रोज सैकड़ों नाबालिग वाहन चलाते दिख रहे हैं।इसके बाद भी



परिवहन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा अभियान चलाकर ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई का दावा किया जाता है।हर महीने सड़क सुरक्षा की बैठक होती हैं। इसमें परिवहन विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाती है, लेकिन परिवहन विभाग की मुस्तैदी का अंदाजा इस बार से लगाया जा सकता है कि छह महीने में नाबालिगों के वाहन चलाने पर एक भी चालान नहीं किया गया है, जबकि सैकड़ों नाबालिग प्रतिदिन सड़कों पर फर्राटा भरते नजर आते हैं। वहीं रेड लाइट जंप करने के मामलों में भी परिवहन विभाग के अधिकारी छह माह में एक भी चालान नहीं कर सके हैं। छोटे से लेकर बड़े वाहन चालक खुलेआम यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। एक साल के भीतर परिवहन विभाग के अधिकारियों ने शराब पीकर वाहन चलाने के मामले में सिर्फ 11 चालान किए हैं। इससे परिवहन विभाग की सक्रियता का साफ पता चलता है। नाबालिग के वाहन चलाने पर 25 हजार जुर्माने का प्रावधान- परिवहन विभाग के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों वाहन चलाने पर वाहन स्वामी या अभिभावक पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। अभिभावक या वाहन स्वामी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 125 के तहत मुकदमा दर्ज हो सकता है। 12 माह के लिए वाहन का पंजीकरण रद्द किया जा सकता है। नाबालिग का 25 वर्ष की आयु तक ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं बन सकेगा। वाहन चलाते समय जो लोग बिना डीएल ( ड्राइविंग लाइसेंस ) के पकड़े जाते हैं, उनका चालान कर दिया जाता है। इसमें नाबालिग समेत सभी लोग आते हैं। हर महीने 110 से अधिक चालान किए जा रहे हैं। - आनंद निर्मल, एआरटीओ ( प्रवर्तन ) यातायात पुलिस ने सात दिन में किए 114 चालान- परिवहन विभाग ने भले ही छह माह में नाबालिगों के वाहन चलाने पर कोई चालान न किया हो लेकिन यातायात पुलिस ने सात दिन में 114 वाहनों के चालान किए हैं। शुक्रवार को भी 50 वाहनों का चालान किया गया है। टीआई अनुराधा सिंघल ने बताया कि पांच जुलाई से विशेष अभियान शुरू किया गया था। ऐसे वाहन चेक किए गए, जिन्हें नाबालिग चला रहे थे। अब तक 117 वाहनों का चालान किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

## कुत्तों के झुंड ने बच्ची पर किया हमला, सिर पर लगे कई टांके... हायर सेंटर रेफर

मुरादाबाद में कुत्तों के झुंड ने बच्ची पर हमला कर दिया। इससे उसके सिर में कई टांके आए हैं। गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। गांव ताहरपुर दोयम में भाइयों के पास खेत पर जा रही अना फातिमा ( 6 ) पर खूंखार कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। चीख सुनकर आसपास के खेतों में धान की रोपाई कर रहे किसानों ने बच्ची को बचाया। परिजन लहूलुहान हालत में बच्ची को लेकर सीएचसी



पहुंचे, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।तबीयत में सुधार न होने पर बच्ची को मेरठ रेफर कर दिया गया। मैनाठेर क्षेत्र के गांव ताहरपुर दोयम निवासी भूसी कारोबारी दानिश अली की बेटी अना फातिमा गांव के ही एक स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ती है। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे दानिश अली के बेटे शाकिब और शाहिद खेत से पशुओं के लिए चारा लेने गए थे। अना फातिमा भी भाइयों के पीछे खेत पर जा रही थी। फातिमा गांव से कुछ ही दूर चकरोड पर पहुंची थी कि खूंखार कुत्तों के झुंड ने बच्ची पर हमला कर दिया। कुत्ते बच्ची के पैर को मुंह में दबाकर खींचने लगे। बच्ची के सिर और गर्दन पर भी हमला कर दिया। बच्ची की चीख सुनकर किसान रियाजुल हसन और अन्य लोग मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाया। तब तक बच्ची लहूलुहान हो चुकी थी। परिजन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। वहां एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगाने के बाद बच्ची को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। तबीयत में सुधार न होने पर वहां से बच्ची को मेरठ रेफर किया गया है। अभी भी बच्ची की हालत गंभीर है। उसके सिर से लेकर पैर तक कई जगह जख्म हैं। बच्ची के पिता दानिश अली कारोबार के सिलसिले में छत्तीसगढ़ गए हुए हैं। अना फातिमा पर पांच भाई-बहनों में सबसे छोटी है।

## पत्नी की बेरहमी से हत्या, पति ने धारदार हथियार से रेता गला...आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

मुरादाबाद। कटघर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह तड़के पति ने धारदार हथियार से पत्नी की गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी पति हत्या कर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला की मौत






सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। महिला के तीन वर्षीय पुत्र ने पिता के द्वारा मां की हत्या करने की बात पुलिस को बताई। मामला थाना कटघर इलाके पीतल नगरी सूरजनगर का है।थाना कटघर पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सहित आठ लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी पति की तलाश में पुलिस जुट गई है। थाना प्रभारी का कहना है जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। महिला रेशम रानी की पति नरेश सैनी से रात में किसी बात पर झगड़ा हुआ था। इसके बाद पति नरेश ने रेशम की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर डाली। घटना को अंजाम देकर नरेश मौके से फरार हो गया। घर से खून निकलता देख पड़ोस में रह रहे लोगों ने महिला के परिजनों और पुलिस को घटना की सूचना दी। घटना की सूचना पर पहुंचे सीओ कटघर आशीष कुमार सिंह और थाना प्रभारी संजय कुमार टीम के साथ पहुंचे। साथ ही उन्होंने फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल कर महिला को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी में बताया गया कि मृतिका रेशम रानी मनकारा मिल्क की रहने वाली थी। चार साल पहले उसकी शादी मूंढापांडे निवासी नरेश सैनी के साथ हुई थी। मृतिका के दो बच्चे हैं। एक बेटा और एक बेटी। रेशम के भाई जगपाल ने नरेश सैनी पर आरोप लगाते हुए बताया नरेश सैनी बीते छह माह से सूरज नगर में रहकर पेट्रोल पंप पर नौकरी कर रहा था। कुछ समय पहले भी नरेश सैनी ने बहन के साथ मारपीट की थी। महिला थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। नरेश सैनी वा उसके परिवार वाले लगातार दहेज के लिए बहन को प्रताड़ित कर रहे थे।

## गर्भवती महिला के पेट में लात मारना पड़ा भारी ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज गिरफ्तारी की उठाई पीड़िता ने मांग

क्यूँ न लिखूँ सच -सिकंदर राजा

मुरादाबाद मुगलपुरा स्थित गुईया बाग निवासी पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के मामले में नागफनी पुलिस ने उनके ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है दरअसल पीड़िता ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि उसका पति फैजान नसरीन उरुशा,और उसका मू बोला भाई लगातार उसे प्रताड़ित कर दहेज की मांग करतें है वही जब पीड़िता ने इस बात का विरोध किया तो उसके मु बोलें भाई जिसका नाम मुल्ला युसूफ है उसने गर्भवती पीड़िता के पेट में लात मार दी जिसके चलते उसका गर्भपात हो गया वही इस संबंध में पीड़िता ने मुरादाबाद के आला अधिकारियों से शिकायत की वहीं पीड़िता की शिकायत पर मुरादाबाद नागफनी पुलिस ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए पीड़िता के ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया हैं पीड़िता का कहना है कि ससुराल पक्ष के लोग उसको धमकाने का प्रयास कर रहे हैं पीड़िता का कहना है पुलिस जल्द से जल्द आरोपियों



को गिरफ्तार करें और उनको न्याय दिलाए आगे जानकारी देते हुए पीड़िता ने पत्रकारों को बताया

## शादी में रसगुल्ले मांगने पर विवाद, बरातियों की लाठी-डंडों से की पिटाई...एक घंटे तक चला हाई वोल्टेज ड्रामा

मुरादाबाद। विवाह समारोह में रसगुल्लों को लेकर विवाद हो गया। बरातियों को रसगुल्ले मांगने पर लाठी-डंडे मिले। विवाद में एक घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। दोनों ओर से जमकर कुर्सी, मेज और प्लेटें फेंकी गईं। बराती भारी पड़े तो दुल्हन पक्ष के लोगों ने राइफल-तमंचे निकाल लिए। फिर बरातियों की जमकर पिटाई की। डर की वजह से बराती अपने-अपने वाहन लेकर मौके से फरार हो गए। विवाद में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कटघर थाना क्षेत्र के हृदयपुर निवासी युवक ने बताया है कि रिश्ता पक्का होने के बाद लड़की के परिजन 10 जुलाई को उनके ताऊ के लड़के का लगन-टीका लेकर हृदयपुर आए थे। लोगों के लिए खाने-पीने से लेकर सारी व्यवस्था की गई थी। लेकिन, दावत में शराब कम पड़ गई। लड़की पक्ष के लोगों ने इसे अपनी बेइज्जती समझा। अगले दिन दूल्हा बरात लेकर रफादपुर पहुंचा। समारोह में विवाह के सारे कार्यक्रम हो चुके थे। जयमाला की तैयारी चल रही थी। समारोह में रसगुल्ला न मिलने पर बरातियों की दुल्हन पक्ष के लोगों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में कुर्सी, मेज और प्लेटों से एक दूसरे पर वार करना शुरू कर दिया। युवक का आरोप है कि जब बराती हावी हुए तो दुल्हन पक्ष के लोगों ने राइफल और तमंचे निकाल लिए। फिर बरातियों को ढूंढ-ढूंढकर लाठी-डंडों से जमकर पीटा गया। मारपीट में आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। एक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि अन्य घायल बराती डर की वजह से अपने-अपने वाहन लेकर मौके से फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## निजी कंपनियों के रिचार्ज महंगे होने से बीएसएनएल की बल्ले-बल्ले, एक सप्ताह में बढ़े तीन गुना उपभोक्ता

मुरादाबाद।देशभर में निजी टेलीकॉम कंपनियों के रिचार्ज महंगे होने की वजह से एक बार फिर बीएसएनएल की तरफ यूजर आकर्षित हो रहे हैं। मुरादाबाद मंडल में भी बीएसएनएल के ग्राहकों में महज 8 दिन में तीन गुना बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। जबकि पोर्टिबिलिटी से बढ़कर तिगुना हो गई है। निजी नेटवर्क कंपनी के टैरिफ प्लानों में बढ़ोत्तरी से ग्राहकों ने फिर एक बार बीएसएनएल पर भरोसा जताना शुरू कर दिया है। मुरादाबाद मंडल के मुरादाबाद समेत अमरोहा और संभल जिले में पिछले एक सप्ताह के भीतर छह हजार से अधिक नए बीएसएनएल ग्राहक जुड़े हैं जबकि और दिनो के मुकाबला ये आंकड़ा महीने भर में भी पूरा नहीं हो पाता था। कमोबेश यही स्थिति पोर्टिबिलिटी को भी है। निजी कंपनियों के सिम धारकों ने बड़ी तादाद में बीएसएनएल में अपने नंबर्स को पोर्ट कराया है। पिछले हफ्ते में ही लगभग 900 नंबर्स बीएसएनएल में पोर्ट हुए हैं। जबकि और दिनो के मुकाबले शुक्रवार तक जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक तीन जुलाई से प्रतिदिन बीएसएनएल पर भरोसा जता रहे हैं। जबकि ये आंकड़ा 11 जुलाई तक छह हजार को पार कर चुका प्रतिदिन 100 नए ग्राहक बीएसएनएल की सेवाओं से जुड़ रहे हैं। अब तक कुल 900 आंकड़ा 250 से 300 के आसपास प्रतिमाह रहता था। इसके अलावा पोर्टिबिलिटी के नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए 176 उपकरण लगाए जाने हैं। अब तक बाकी जुलाई के अंत तक लगा दिए जाएंगे। माना जा रहा है की इन नए उपकरणों के से जुड़ेंगे। इतिहास में पहले बार लगाए जा रहे स्वदेशी उपकरण- मंडल के उप महा



ये संख्या माह के अंदर 250 से 300 के आसपास ही रहती थी। विभाग की तरफ से ग्राहकों में बढ़ोत्तरी दर्ज को जा रही है। यहां प्रतिदिन लगभग 750 नए ग्राहक बीएसएनएल है। वहीं बात अन्य नेटवर्क से बीएसएनएल में पोर्टिबिलिटी कि की जाए तो लगभग से अधिक अन्य कंपनियों के ग्राहक बीएसएनएल से जुड़े हैं। जबकि आमदिनों में ये के लिए कोई शुल्क नहीं है। विभागीय अधिकारियों की माने तो मंडल में बीएसएनएल लगभग 90 उपकरण मंडल के अमरोहा, संभल और मुरादाबाद में स्थापित हो चुके हैं लगाए जाने के बाद नेटवर्क और भी ज्यादा मजबूत होगा और अधिक ग्राहक बीएसएनएल प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह बर्तवाल ने बताया की मंडल मुरादाबाद के संभल, मुरादाबाद और अमरोहा में केंद्र सरकार की आत्मनिर्भर नीति के अनुरूप पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक के 176 उपकरण लगाए जा अगर हैं। मुरादाबाद मंडल में अब तक 90 से अधिक उपकरण लगा दिए गए हैं जबकि शेष का कार्य जुलाई माह के अंत पूरा कर लिया जाएगा। मंडल मुरादाबाद में कुल बीएसएनएल प्रीपेड कनेक्शन की संख्या ( तीन लाख पंद्रह हजार छह सो इक्यावन ) 3,15,651हैं। जबकि मंडल में कुल 1300 कनेक्शन पोस्टपेड हैं। जनपद में अधिकांश क्षेत्रों में 4 त्र नेटवर्क शुरू-सुरेन्द्र सिंह बर्तवाल का दावा है की जनपद में अधिकाश क्षेत्रों में बीएसएनएल की 4त्र सेवाएं शुरू कर दी गई हैं। बीएसएनएल के बेहतर नेटवर्क होने के कारण उपभोक्ता बीएसएनएल से जुड़ रहे हैं। जुलाई माह के अंत तक पूरे जनपद में ग्राहकों को बीएसएनएल की 4 त्र सेवाएं मिलना शुरू हो जाएंगी। हमारा प्रयास नेटवर्क को उपभोक्ताओं की इच्छानुसार बेहतर बनाना है। जल्द ही इन्ही उपकारों से बीएसएनएल उपभक्ताओं को 5त्र की सुविधा भी दी जाएगी। निजी कंपनियों के मुकाबले बीएसएनएल के प्लान 50 प्रतिशत सस्ते- सुरेन्द्र सिंह बर्तवाल ने बताया की बीएसएनएल में केवल 485 रुपए में 84 दिन की अवधि दी जा अगर है। जबकि अन्य निजी कंपनी जियो में 899 रुपए में 84 दिन की अवधि है। जबकि बीएसएनएल का सलाना प्लान 3 जीबी प्रति दिन डेटा के साथ 2399 है जबकि यही प्लान जियो नेटवर्क में 4498 रुपए में है। सस्ते दामों पर 4त्र सेवा बेहतर- महानगर के दीवान बाजार निवासी अरशद अहमद ने बताया की उन्होंने तीन दिन पहले ही बीएसएनएल कनेक्शन लिया है। अभी तक नेटवर्क में कोई समस्या नही है। निजी कंपनियों ने टैरिफ के दाम बड़ा दिए हैं। इसका असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# दीनदयाल सेवा समिति विकासखंड रामपुर नैकिन सेक्टर हनुमानगढ़ नवांकुर संस्था द्वारा एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण का कार्य किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -अरुण मिश्रा

सीधी - म. प्र. जन अभियान परिषद विकास खं रामपुर नैकिन सेक्टर हनुमान गढ की नवाकुर संस्था दीनदयाल सेवा समिति के सौजन्य से ग्राम हनुमानगढ़ के वार्ड क्र. 19 में ( जहाँ पूर्व से ही ग्राम




पंचायत द्वारा फलोद्यान वाटिका स्थापित है )बृहद पैमाने पर बृक्षारोपण ( एक पेंड़ माँ के नाम ) का कार्यक्रम किया गया, कार्यक्रम में रूप से जिला समन्वयक श्रद्धेय शिवदत्त उर्मलिया जी, ब्लॉक समन्वयक श्री अनिल कुमार पाठक जी, की गरिमामयी उपस्थिति रही, साथ ही ग्राम हनुमानगढ़ के पूर्व सरपंच एवं जनपद सदस्य वरिष्ठ समाजसेवी एड. नारायण प्रसाद तिवारी जी, सेवा निवृत्त शिक्षक एवं ग्राम न्यायालय के पूर्व अध्यक्ष पं रामसिया पाण्डेय जी, श्री शंकरलाल पाण्डेय जी, नवाँकुर समिति के अध्यक्ष श्री सत्य नारायण पाण्डेय जी एवं समीपी ग्रामो के प्रसफुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों के साथ साथ अवनीन्द्र शुक्ला, जयप्रकाश गोस्वामी ( मेंटर )ग्रामीण जन एवं माताओं बहनों नें सहभागिता की,उक्त अवसर पर विशिष्टजनों तथा समाजसेविओं द्वारा एक पेड मां के नाम लगाने का संकल्प लिया तथा समाज के सभी लोगों को पौधों के रोपण तथा संरक्षण करने की अपील की

# बुलंदशहर में गैंगरेप के बाद महिला की गला दबाकर हत्या, परिजनों ने दो लोगों पर दर्ज कराया मुकदमा

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के खुर्जा देहात थाना इलाके में घर में अकेले सो रही महिला के साथ गैंगरेप के बाद गला दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया है. परिजनों ने पहचान के ही दो लोगों पर शक जताते हुए हत्या का मामला दर्ज कराया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है. महिला की हत्या से हड़कंप- बुलंदशहर- यूपी के बुलंदशहर के खुर्जा देहात थाना क्षेत्र के एक गांव में 32 साल की महिला का शव घर में परिजनों को पड़ा मिला. शव के मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया. मृतक महिला के जेठ ने गैंगरेप के बाद गला दबाकर हत्या करने का आरोप दो लोगों पर लगाया है. परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचित कर घटना से अवगत कराया. फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है. खुर्जा देहात थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि, महिला की हत्या का कारण अभी सामने नहीं आया है. घटना की जांच की जा रही है. वहीं महिला के जेठ ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब वह रात को खेत में सिंचाई करने जा रहा तब विक्रांत ने उसके भाई के बारे में पूछताछ किया. विक्रांत को जानकारी मिल गई कि घर पर कोई नहीं है तो वह चला गया. वहां जब खेंत से सिंचाई कर लौटा तो घर के बाहर जॉनी को खड़ा देखा. पूछताछ करने पर बताया कि ऐसे ही खड़ा हूं. इन दोनों ने ही मिलकर मेरे भाई की पत्नी का गैंगरेप कर हत्या कर दी है.सीओ खुर्जा ने बताया कि, यह खुर्जा देहात के एक गांव की घटना है. एक महिला जिसकी उम्र 30 साल के करीब है. उसका शव उसके ससुराल में मृत अवस्था में पाया गया है. परिजनों की ओर से पास में रहने वाले दो लड़के के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है. जिन दो लड़कों के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है. उनमें से एक लड़के के साथ इस महिला के प्रेम प्रसंग भी थे. इन सभी तथ्यों की पुलिस की ओर से गहराई से जांच की जा रही है. जांच रिपोर्ट पर कार्रवाई की जाएगी.

# किसान भाई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करा सकते हैं -उप संचालक कृषि

क्यूँ न लिखूँ सच -अरुण मिश्रा

सीधी - उप संचालक कृषि ने जानकारी देकर बताया है कि सीधी जिले के किसान 31 जुलाई 2024 तक अपनी खरीफ फसल का बीमा करा सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान भाई जिले में एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड के माध्यम से अपनी खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई 2024 तक करा सकते है। ऋणी कृषको का सम्बंधित वित्तीय बैंक ( संस्था ) के माध्यम से फसल बीमा किया जाएगा। अऋणी कृषक सम्बन्धित बैंक से या वीमा अभिकर्ता ( कम्पनी के तहसील प्रतिनिधि ) एवं सी. एस. सी. अथवा स्वयं पीएम एफ वी बाय पोर्टल के माध्यम से अपनी फसलों का वीमा करा सकते हैं। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास जिला सीधी ने बताया कि खरीफ फसलो का बीमा कराने के लिए भू-अधिकार पुस्तिका या बी 1, आधार कार्ड बैंक पासबुक तथा फसल बुवाई प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। फसल बीमा कराये जाने पर प्राकृतिक आग ( आकाशीय बिजली गिरना बादल, फटना, तूफान, ओलावृष्टि, चक्रवात, बाढ़, जल भरावं, भू-स्खलन, सूखा, कीट व्याधियां इत्यादि से फसल नुकसान होने पर किसान भाई फसल वीमा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। फसल बीमा के संबंध में किसान भाई एग्रीकल्चर इश्योरेस कम्पनी ऑफ इण्डिया लिमिटेड के टोल फ्री नम्बर 18005707115 पर या किसान कॉल सेन्टर ( कृषि रक्षक हेल्पलाइन ) 14447 अथवा सीधी जिले में पदस्थ फसल बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से सम्पर्क कर सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल बीमा कराने के लिए सीधी जिले हेतु पटवारी हल्का स्तर पर धान सिंचित के लिए प्रीमियम राशि 817.20 रूपये प्रति हेक्टेयर, धान अधिचित के लिए 617.10 का प्रतिहेक्टेयर तुअर अरहर के लिए 608.22 रुपये प्रति हेक्टेयर मक्का के लिए 597.12 रुपये प्रति हेक्टेयर, तहसील स्तर पर ज्वार के लिए 478.46 रुपये प्रति हेक्टेयर पर, तिल के लिए 471.94 रुपये, कोदो कुटकी के लिए 316.06 रुपये जिला स्तर की फसल पर उड़द के लिए 434.7 रुपये प्रति हेक्टेयर मुंग के लिए 426.56 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम राशि है जो की बीमित राशि का 2 प्रतिशत है। अधिसूचित फसलों के बीमा के लिए अपने बैंक या सीएससी. सेंटर अथवा बीमा अभिकर्ता से बीमा करा कर रसीद प्राप्त कर सकते हैं। फसल बीमा कम्पनी के प्रतिनिधि से सम्पर्क करने के लिए 9826559390 पर कॉल कर सकते है अथवा कृषि विभाग के ब्लॉक कार्यालय में जाकर सम्पर्क कर सकते हैं।

# मेड़ विवाद में गई मासूम की जान: आरोपियों ने महिला पर चलाई लाठी, तीन साल की बच्ची के सिर पर लगी, मौके पर मौत

बदायूं के उधैती थाना क्षेत्र में मेड़ के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में तीन साल की बच्ची के सिर पर लाठी लगने से उसकी मौत हो गई। मासूम अपनी दादी के गोद में थी। आरोपियों ने महिला पर लाठी चलाई थी। बदायूं के उधैती थाना क्षेत्र के गांव कूबरी कामसहाय की मढ़ैया में मेड़ विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चल गए, जिसमें तीन साल की बच्ची की लाठी लगने से मौत हो गई। बच्ची अपनी दादी कांता की गोद में थी। आरोपी दादी को भी लाठी पीट रहे थे। तभी बच्ची को भी लाठी लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

ग्राम कूबरी कामसहाय की मढ़ैया निवासी जीतपाल का अपने चचेरे भाइयों से मेड़ को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार दोपहर गांव के कुछ लोगों ने दोनों पक्षों को समझौते के लिए खेत पर बुलाया था। उनमें समझौता हो पाता, उससे पहले दोनों पक्षों में गालीगलौज के बाद मारपीट हो गई। वहां जीतपाल की मां कांता भी अपनी नातिन यानी जीतपाल की तीन साल की बेटी अवंशिका को गोद में लेकर खेत पर पहुंच गई थीं। आरोपियों ने कांता के साथ भी मारपीट कर दी। उनको दो लाठियां मारी। तीसरी लाठी अवंशिका को सिर में लगी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह देखकर आरोपी मौके से भाग गए। इसकी सूचना पर एसओ राजेश कौशिक मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# जिले में लगातार जारी है गुड सेमेरिटन योजना का प्रचार प्रसार, अलग-अलग माध्यम एवं स्थान पर चलाया जा रहा जागरूकता कार्यक्रम

क्यूँ न लिखूँ सच -अरुण मिश्रा

सीधी - योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर में अस्पताल/ट्रामा सेंटर तत्परता के साथ पहुंचाकर उसकी जान बचाना है। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु का आंकड़ा भारत देश में कम किया जा सके, ऐसा कोई भी व्यक्ति जो सड़क दुर्घटनाओं में



घायल व्यक्ति को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाकर उसकी जिंदगी बचा लेता है तो, उसे शासन की इस योजना के तहत नेक व्यक्ति घोषित कर 5000 रुपए की राशि के साथ प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में व्यापक रोकथाम के लिए एवं सड़क दुर्घटना में घायलों की जिंदगी बचाने के लिए गुड सेमिरिटन योजना का प्रचार प्रसार अधिक से अधिक किए जाने का आदेश दिया गया है। इस तारतम्य में पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविन्द्र वर्मा द्वारा गुड सेमेरिटन योजना संबंधित जानकारी आम जनमानस तक पहुंचाने हेतु यातायात थाना प्रभारी सहित जिले के सभी संबंधितो को निर्देशित किया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में आज दिनांक 13 जुलाई 2024 को थाना प्रभारी कोतवाली निरी. अभिषेक उपाध्याय एवं यातायात थाना प्रभारी उनि डी.डी. सिंह द्वारा सामूहिक रूप से सरस्वती शिक्षा मंदिर मडरिया में, थाना प्रभारी चुरहट, चुरहट बाजार में एवं थाना प्रभारी कमर्जी द्वारा पटपरा बाजार में लोगो को एकत्रित कर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जाकर 卐गुड सेमेरिटन卐 के बारे में बताया गया। इनका कहना:- किसी भी दुर्घटना के बाद पहला घंटा बेहद ही अहम होता है, जिसमें जीवन और मृत्यु के बीच बेहद ही कम अंतर होता है। गोल्डन ऑवर कहे जाने वाली इस अवधि में अगर प्राथमिक चिकित्सा दी जाए, तो दुर्घटना में घायल व्यक्ति की गंभीर स्थिति को कम करने के साथ-साथ उसके बचने की संभावना भी बढ़ाई जा सकती है। अत: जिला वासियों से मेरी अपील है कि अगर आपके आस पास कोई सड़क दुर्घटना होती है तो आप पीडित को तत्काल किसी भी नजदीकी अस्पताल पहुचाये ताकि उसका जीवन बचाया जा सके। डॉ रविन्द्र वर्मा पुलिस अधीक्षक जिला सीधी

# खेत में धान की पौध लगाने की मजदूरी मागंने दो पक्षो में झगड़ा ,घरो की छतो से चले ईट,पत्थर - आधा दर्जन घायल

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

लोधा थाना क्षेत्र के गाँव रायट में सुबह साढ़े सात बजे के करीब हुई घटना अलीगढ़ लोधा - थाना क्षेत्र के गाँव रायट में सुबह साढ़े सात बजे के करीब खेत में धान पौध लगाने की मजदूरी के 500





रुपये मागंने को लेकर दो पक्षो में झगड़ा हो झगड़ा इतना बढ़ गया दोनों पक्षो की छतो से जमकर ईट पत्थराव जमकर हुआ ईट ,पत्थर लगने से आधा दर्जन लोग घायल हो गये झगड़े की सूचना पर पहुंची लोधा पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती सभी घायलो का उपचार चल रहा है बता दें कि राइट के गांव सलमान पुत्र नईम खाँ ने बताया कि खेत में धान की पौध लगाने की मजदूरी ?500 मांगने के लिए गया था तभी अमिर खाँ,रबी पुत्र ईलियास ,रियाज मोहम्मद पुत्र नविया खाँ अपने परिवार के लोगो के साथ आया और सलमान से झगड़ा करने लगे झगड़े की सूचना पर तयेरे भाई फुरखान ,रिजवान पुत्र गोरा खाँ पहुंच गये कुछ समझ पाते उससे पहले ही चो से ईंट ,पथराव शुरू हो गये इससे दोनों पक्षों बच्चों की चो से जमकर ईंट पत्थर चले एट पत्थर लगने से आधा दर्जन के करीब लोग घायल हो गए झगड़े की सूचना पर पहुंची लोधा थाना पुलिस ने घटना की जानकारी की और घायलों को लेकर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया एक पक्ष से फुरकान, रिजवान गोरा खाँ घायल हो गये दूसरे पक्ष से आमिर पुत्र इलियास ,राजमोहम्मद पुत्र नन्ने खाँ ,रवी पुत्र ईलियास ,साजिद पुत्र नवीमोहम्मद घायल हो गये सभी घायलों का लोधा थाना पुलिस ने उपचार कराया है

# प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस का भव्य उद्घाटन समारोह 14 जुलाई को

क्यूँ न लिखूँ सच -अरुण मिश्रा

सीधी - उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों के 55 प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस का उद्घाटन गृह मंत्री भारत सरकार के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन की अध्यक्षता में अटल बिहारी वाजपेई कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय इंदौर से लाइव किया जाएगा। जिसका सीधा प्रसारण बड़ी एलईडी स्क्रीन पर महाविद्यालय में आयोजित






समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं को दिखाया जाएगा। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में भी इंदौर से होने वाले सीधे प्रसारण से 1 घंटे पूर्व महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसका स्वरूप इंदौर में होने वाले सीधे प्रसारण के समान ही होगा। संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में उद्घाटन की तैयारी महाविद्यालय प्रशासन के द्वारा की जा रही है। महाविद्यालय के कार्यक्रम को भी टू वे कम्युनिकेशन के माध्यम से इंदौर से देखा जा सकेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने एवं महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के मध्य प्रचार प्रसार के लिए महाविद्यालय में पदस्थ सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया। साथ ही समाज के अग्रणी लोगों एवं महाविद्यालय में अध्यनरत बीए/बीएससी/बीकॉम एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के नवप्रवेशी एवं विगत सत्र के अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन समारोह में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। सत्र 2024-25 के लिए नव प्रवेशित विद्यार्थियों से विशेष आग्रह है कि 14 जुलाई 2024 दिन रविवार को दोपहर 1 बजे के पूर्व कार्यक्रम में महाविद्यालय में आवश्यक रूप से पहुंचने का कष्ट करें।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# एक युवक द्वारा आशांति फेलाये जाने पर पुलिस ने कार्यवाही की

क्यूँ न लिखूँ सच -राजेंद्र विश्वकर्मा

कोंच( जालौन ) कोंच सर्किल के थाना नदीगांव के एसओ अशोक कुमार वर्मा के निर्देश पर खेत पर अवैध कब्जे को लेकर वाद विवाद कर रहे एक युवक जो आशांति फेला रहा था उसके खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही कर दी है पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत जे एम न्यायालय कोंच पेश किया गया है

# थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने समस्याएं सुनी, तीन शिकायते दर्ज की गई एक शिकायत ही निपटी

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कोंच( जालौन ) कोंच सर्किल मे आज शनिवार को थाना दिवस का आयोजन थाना परिसर मे किया गय थाना दिवस मे नदीगांव थाने के थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने आये हुये फ़रियादियो की समस्या ओ को सुना थाना इस थाना दिवस मे मात्र तीन फरियादी ही आये और उन्होंने अपनी अपनी शिकायते दर्ज करवाई जिनमे एक शिकायत का निस्तारण किया गया इस अवसर पर एस एस आई शैलेंद्र कुमार दरोगा शिव नारायण वर्मा सहित राजस्व और पुलिस विभाग से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे बता दे की सरकार पीड़ित परेशान लोगो की समस्या हल करने के लिए थाना दिवस जैसे अच्छे आयोजन कर रही है लेकिन प्रशासन से जुड़े अधिकारी फारियादियो की समस्या के प्रति गम्भीर नही है और पीड़ित से ही जबाब सबाल करते है इस लिये गाँव के सीधे साधे लोग अपनी पूरी बात या समस्या न ही बता पाते और अपने को उपेक्षित महसूस करते है इस लिए इस तरह के आयोजनो से जनता का मोह भंग होता जा रहा है

# ट्विटर पर शिकायत करने के बाद बरला पुलिस आई हरकत में पीड़ित की ली सुध

क्यूँ न लिखूँ सच -रवि शंकर


अलीगढ़ नवाब सिंह पुत्र मुख्तार सिंह भाबीगढ़ निवासी ने थाना बरला में लिखित शिकायत दी है गांव की पदम सिंह और शिशु भान सिंह पर टयूबल की सिंचाई और खेत की जुताई के 2 साल के पैसे हैं उधारी के पैसे मांगने पर 8 जुलाई शाम को पदम सिंह शिशु भान सिंह और शिशु भान की पत्नी मंजू नवाब सिंह के घर पहुंचे उसे समय नवाब सिंह की पत्नी घर पर अकेली थी जाते ही इन लोगों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया हमलावर हो गई नवाब सिंह की पत्नी पुष्पा देवी ने अपने आप को कमरे में बंद करके अंदर से कुंडा लगा लिया तब जाकर यह लोग देख लेने की धमकी देते हुए वहां से चले गए जिसकी शिकायत नवाब सिंह ने लिखित में दी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की जब शिकायत को ट्वीट किया गया और पुलिस को कार्रवाही आदेश हुए तो पुलिस हरकत में आई और नवाब सिंह की पत्नी पुष्पा देवी से घटना की जानकारी लेने घर पहुंची नवाब सिंह ने बताया वह अपनी पत्नी के साथ गांव में रहते हैं मेरा बेटा अलीगढ़ में काम करता है जो अक्सर अलीगढ़ में रहता है नवाब सिंह ने शिकायत में लिखा कि यह लोग मेरे उधार के पैसे ना देकर मेरी पत्नी को मारने पीटने और गाली गलौज करने घर तक आ पहुंचे हैं और मुझे धमकी दे रहे हैं मुझे इन लोगों भय है कि किसी तरह का नुकसान न पहुंचा दे इसलिए पुलिस से मदद मांगनी पड़ी है अब देखते हैं न्याय मिलेगा या नहीं

## पेंशन योजना में नहीं मिल रहे 80 से अधिक आयु के बुजुर्ग, प्रति माह दिया जाता है एक हजार रुपये

केंद्र व राज्य सरकार 80 साल से अधिक आयु के लोगों को मिलकर प्रति माह एक हजार रुपये पेंशन देते हैं। प्रदेश में इस समय 80 साल से ज्यादा के कुल लाभार्थी 6.66 लाख हैं।उत्तर प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन योजना में 80 साल से ज्यादा आयु के उतने बुजुर्ग नहीं मिल रहे हैं, जिससे लक्ष्य पूरा हो सके। तमाम प्रयासों के बावजूद लक्ष्य की आधी संख्या भी पूरी नहीं हो पाई है। यूपी में इस योजना में वर्तमान में 80 साल या उससे ऊपर के कुल लाभार्थियों की संख्या 6.66 लाख है। केंद्र व राज्य सरकार गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे वृद्धों के लिए प्रति माह एक हजार रुपये की दर से पेंशन देती है। 80 साल या उससे ऊपर के बुजुर्गों के लिए केंद्र व राज्य सरकार का शेयर 500-500 रुपये प्रति माह का है। केंद्र सरकार ने यूपी में इस श्रेणी में 13.72 लाख लाभार्थियों का लक्ष्य दिया है। यानी, अधिकतम इतने लाभार्थियों को केंद्र सरकार 500 रुपये प्रति माह की दर से अपना अंश देगी। केंद्र ने सालाना 823 करोड़ रुपये का बजट रखा है। उत्तर प्रदेश में अभी इस योजना में 80 साल या उससे ऊपर के लाभार्थियों की कुल संख्या 6.66 लाख ही है। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि गांव-गांव अभियान चलाने के बाद इस श्रेणी के पात्र लाभार्थियों की संख्या यहां तक पहुंची है। अब केंद्र सरकार से 80 साल से ऊपर के लिए मिलने वाले जितने बजट का उपयोग नहीं हो पा रहा है, उसे 60-80 साल की श्रेणी में डायवर्ट करने का अनुरोध किया

# अमीटा गांव के लोगों ने कास्य पदक जीत कर आई स्वाति सिंह का स्वागत किया

क्यूँ न लिखूँ सच
पवन कुमार



कोंच( जालौन ) तहसील कोंच के ग्राम अमीटा निवासी स्वाति सिंह ने युगांडा में आयो जित अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन ओपन चैंपियन शिप प्रतियोगिता में दो कांस्य पदक जीतकर लौटी गांव तो गांव के लोगों एवं समाज सेवियों ने उसका भव्य स्वागत किया गया और खुशी जताई मालूम हो की साउथ अफ्रीका के युगांडा शहर में आयो जित एक से सात जुलाई को हुई अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन ओपन चैंपियन शिप प्रतियोगिता में डॉ शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीतकर मान बढ़ाया है इसमें छात्रा रुचि त्रिवेदी ने तीन स्वर्ण एवं जालौन निवासी स्वाति ने दो कांस्य पदक जीते है इन खिलाड़ियों ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक अर्जित किया स्वाति सिंह शनिवार अपने गाँव अमीटा वापस लौटी ज्ञात हो कि पिछले माह जब स्वाति को युगांडा दौरे पर जाने के लिए आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर जालौन डीएम से मदद की गुहार लगाई थी ,जिसमे डीएम जालौन राजेश पांडेय एसपी जालौन डॉ ईरज राजा ने खेल किट देकर मदद की थी। इसके बाद रमाकांत दोहरे वरिष्ठ समाजसेवी की एक छोटी सी मुहिम से समाज के लोगों ने आर्थिक मदद कर युगांडा के लिए भेजा वही गांव के ग्राम प्रधान कमलेश कुशवाहा व ग्राम प्रधान सतोह हरी किशोर पटेल ने स्मृति चीन व शाल उड़ाकर सम्मानित किया वहीं जीतने के बाद जब स्वाति वापस लौटी तो दौरान गांव के लोगों में खुशी माहौल दौड़ गया गांव के ग्राम प्रधान कमलेश कुशवाहा व सतोह प्रधान हरी किशोर पटेल अनिल पटेल इस्माइल खां डॉ वर्मा बृजपाल सिंह छोटे सिहं लक्ष्मी सिंह रतन सिंह कुशवाहा भारत ज्ञागिक ठाकुर दास पिता कमलेश चौधरी चाचा मुन्ना चौधरी माता शकुंतला देवी सहित दर्जनों लोगों गांव एवं आसपास गांव के लोगों ने स्वागत किया है

# गाली गालोच और मार पीट को लेकर रिपोर्ट दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कोंच( जालौन ) कोतवाली मे आज शनिवार को दिलीप कुमार पुत्र रामबाबू पटेरिया निवासी मोहल्ला नया पटेल नगर कोंच ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि दीपक पुत्र महेश पटेरिया निवासी मोहल्ला गोखले नगर संकट मोचन मंदिर थाना कोंच ने उसके साथ गाली गलौज कर दी और मुझे जान से मारने की धमकी के संबंध में प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय कोतवाली मे मुकदमा धारा 160 धारा 351 ( 2 ),352 बीएन एस मे अभियोग पंजीकृत किया गया है

# ग्राम अटा मे लड़ाई झगड़ा को लेकर एफआईआर दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कोंच( जालौन ) आज शनिवार को हरीराम पुत्र राम रतन निवासी ग्राम अटा थाना कोंच ने आकर बताया कि विपक्षी संजय गुलाब विजय निवासी गण ग्राम अटा ने मारपीट कर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दी जिसके संबंध में थाना पर मुकदमा प्राप्त संख्या 162 धारा 118 ( 1 )/115 ( 2 ),151 ( 1 )( 2 ), 352 बीएस में अभियोग पंजीकृत किया गया विवेचना चौक इंचार्ज खेड़ा के प्रभारी शशांक बाजपेयी द्वारा की जा रही है

# चौकी पारा ने किया अंधे कत्ल का पर्दाफाश, ग्राम बलोला मे बारात मे युवक कि एक माह पहले् हुई थी हत्या्

क्यूँ न लिखूँ सच -शैलेन्द्र राठौर

झाबुआ/पारा । घटना का संक्षिप्त विवरण:-दिनांक 10.06.2024 को सूचनाकर्ता राहुल पिता केरमसिंह चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी डायमंड पैलेस सिरपुर इंदौर ने चौकी पारा पर सूचना दी कि कल शाम को 06.00 बजे मैं और अंतरसिंह और परिवार के साथ सभी लोग मदन डोडवा निवासी डायमंड पैलेस इंदौर की बारात में गांव छोटी बलोला आये थे सभी लोग शादी में नाच रहे थे करीब 2.30 बजे रात अजय देवडा मेरे पास आया और बोला कि मेरी मोटरसाईकल नहीं मिल रही है तो हम सभी मोटरसाईकल ढूँढते ढूँढते घाटी के नीचे पहुँचे वहाँ डी.पी. के पास एक आदमी पडा था जिसको हमने देखा तो अंतरसिंह था जिसके सिर कान चेहरे पर चोट होकर खून निकल रहा था जो बैहोश था साँसे चल रही थी उसे पारा अस्पताल लेकर गये जहाँ अंतरसिंह की मौत हो गई है। सूचना पर मर्ग क्रमांक 96/2024 धारा 174 जा.फौ. का कायम कर जाँच में लिया गया। दौराने जाँच पी.एम. रिपोर्ट प्राप्त की गई जिसमें डाक्टर द्वारा मृतक के साथ मारपीट में आई चोटों के कारण मृत्यू होना लेख करने व साक्षियों के कथनों के आधार पर थाना झाबुआ में अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध अपराध क्रमांक 633/2024 धारा 302 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। झाबुआ पुलिस अधीक्षक पदमविलोचन शुक्ल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रेमलाल कुर्वे के निर्देशन में व अनुविभागीय अधिकारी ( पुलिस ) अनुभाग झाबुआ श्रीमति रुपरेखा यादव एवं श्रीमान थाना प्रभारी महोदय आर.सी. भास्करे के मार्गदर्शन में अंधे कत्ल का जल्द से खुलासा करने हेतु टीम का गठन किया गया।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व मार्गदर्शन में विवेचना की गई विवेचना के दौरान मृतक के परिजनों, बारात में आये सभी लोगों से एवं ग्राम बलोला एवं नरवाली पहुँचकर बारिकी से पूछताछ की गई। सायबर टीम के द्वारा बारात में आये सभी लोगों के एवं मृतक के परिजनों के नंबरों की जाँच की गई। पूछताछ के दौरान चक्षुदर्शी साक्षी निवासी नरवाली के द्वारा बताया कि घटना दिनांक 10.06.2024 के एक दिन पहले विक्रम व मुकेश व उसके साथी अन्य दो द्वारा मृतक अंतरसिंह की पत्नी कैसरी के कहने पर विक्रम के साथ नरवाली में अंतरसिंह को छोटी बलोला बारात में आने पर जान से खतम करने की योजना बनाई गई। अंतर को जान से मारने के लिये विक्रम व उसके साथी के द्वारा कट्टा व कारतूस एवं एक अन्य साथी के द्वारा चाकू लेकर मदन की बारात में रात को नरवाली से मोटरसाईकल में बैठकर सभी छोटी बलोला पहुंचे व रात के समय मृतक अंतरसिंह को विक्रम व उसका साथी शराब पिलाने का कहकर साथ में लेकर घाटी के नीचे पहुँच जहाँ पर मुकेश व उसके साथी पहले से खडे थे व जाते ही योजना के अनुसार अंतरसिंह पर कट्टे से फायर कर व चाकू एवं पत्थरों से मारा जिससे अंतर की मौत हो गई। विवेचना के दौरान 1. आरोपी विक्रम पिता ठाकुरसिंह डोडवा उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम नरवाली 2. मुकेश पिता मोहन डोडवा उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम नरवाली थाना झाबुआ एवं अन्य दो विधि विरुद्ध बालकों से पूछताछ की गई जो कि घटना दिनांक को अंतर के साथ घटना कारित करना स्वीकार किया जिन्है विधिवत प्रकरण में गिरफ्तार किया गया एवं घटना में प्रयुक्त हथियार जिसमें एक 12 बोर देशी कट्टा एक नाल व जिससे चला हुआ एक कारतूस एवं एक धारदार चाकू आरोपी विक्रम व उसके साथी की निशादेही से जप्त किये गये है। घटना में गिरफ्तारशुदा आरोपी विक्रम व मुकेश एवं अन्य दो विधि विरुद्ध बालकों को माननीय न्यायालय झाबुआ पेश किया जावेगा।सराहनीय कार्य मे उनि अशोक बघेल चौकी प्रभारी पारा, सउनि विपिन वर्मा, आर. 07 रवि डावर, आर. 615 एलामसिंह डुडवे चौकी पारा थाना झाबुआ ,म.आर रुपाली थाना झाबुआ एवं सायबर शाखा झाबुआ आर. 573 संदीप एवं सायबर टीम की मदद से अज्ञात आरोपियों को गिरफ्तार कर अज्ञात अंधे कत्ल का पर्दाफाश करने में सरहानीय भूमिका रही।



# लखीमपुर में अभी भी 150 गांवों में बाढ़, कहीं बढ़ रहा पानी तो कहीं स्थिर

लखीमपुर खीरी जिले में सप्ताहभर बाद भी हालात सामान्य नहीं हुए हैं। अभी भी 150 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में हैं। निघासन इलाके में बाढ़ का पानी शनिवार को भी बढ़ रहा है। लखीमपुर खीरी जिले में 150 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में हैं। कुछ गांवों में पानी जरूरी कम हुआ है, लेकिन ज्यादातर गांवों में बाढ़ के पानी से दुश्वारियां बढ़ गई हैं। निघासन क्षेत्र के कई गांवों में अभी बाढ़ का पानी बढ़ रहा है। अदलाबाद-निघासन मार्ग पर पानी आ गया है। बाढ़ से प्रभावित लोग परेशान हैं। सरकारी सहायता नहीं पहुंच पा रही है।धौरहरा तहसील क्षेत्र के 20 गांवों में पांच दिनों से बाढ़ का पानी भरा है। इन गावों के स्कूलों में भी पानी भरा होने से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। हालात स्थिर हैं। बिजुआ क्षेत्र के नारायनपुर, लोनियाना मंत्रा शाहपुर में बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों को किसी प्रकार की कोई मदद नहीं मिली है। फूलबेहड़ और पलिया क्षेत्र में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में हालात स्थिर हैं। नदियों में बाढ़ की स्थिति शारदा नदी0 1- बनबसा ( तरे का जल स्तर- 221.70 मीटर ) गेज- 218.600 मीटर डिस्चार्ज- 64966 क्यूसेक शारदा का जलस्तर बढ़ रहा है। 2- पलिया कलां खतरे का जल स्तर-154.590 मीटर गेज- 154.360 मीटर यहां जलस्तर घट रहा है। 3- शारदा बैराज-खतरे का जल स्तर-135.490 मीटर गेज- 135.000 मीटर डिस्चार्ज- 138707 क्यूसेक यहां नदी का जलस्तर का स्थिर है। घाघरा नदी 4- गिरिजा बैराज खतरे का जल स्तर-136.780 मीटर गेज- 135.100 मीटर डिस्चार्ज- 120424 क्यूसेक घाघरा नदी का जलस्तर स्थिर है। ( नोट- सुबह 10 बजे तक की रिपोर्ट ) सड़क पर ट्रॉलियों को बना लिया घर- पलिया-भीरा मार्ग पर रोड किनारे निवास करने वाले ग्रामीणों के घर पानी भर गया है। जिससे वह रेलवे क्रॉसिंग के पास ही ट्रैक्टर-ट्रॉली को घर बनाकर गुजर-बसर कर रहे हैं। ट्रॉलियों में घर का कीमती सामान लदा हुआ है, जबकि सड़क पर ही चारपाई आदि डालकर रह रहे हैं। प्रशासन की तरफ से इनको तिरपाल की व्यवस्था कराई गई है। कुछ लोगों ने अपने स्तर से तिरपाल आदि लिया है। बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि प्रतिदिन प्रशासन की तरफ से लंच पैकेट भी मिलते हैं लेकिन वह खुद भी खाना कभी-कभार बना लेते हैं। सैकड़ों पीड़ितों तक नहीं पहुंची बाढ़ राहत सामग्री -पलियाकला में शारदा व सुहेली नदियों की बाढ़ से प्रभावित सैकड़ों ग्रामीणों को प्रशासन की तरफ से लंच पैकेटों का वितरण किया जा रहा है, लेकिन अभी बाढ़ राहत किट उपलब्ध नहीं कराई गई है। लंच पैकेटों में भी कभी तहरी, अचार व कभी पूड़ी-सब्जी का वितरण प्रशासन करा रहा है। इस बारे में शुक्रवार को एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने बताया कि राहत किट अभी तक तहसील में आ नहीं सकी हैं। देर शाम या फिर शनिवार तक किट आने के बाद तुरंत उनका वितरण बाढ़ पीड़ितों में कराया जाएगा। वहीं, संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के गोविंदनगर, खजुरिया, कमलापुरी, संपूर्णानगर आदि गांव में लंच पैकेट प्रशासन ने बांटे हैं। सिंगाही खुर्द की बाढ़ पीड़ित मीरा देवी, अर्जुन, राहुल, माया के अलावा अन्य कई बाढ़ प्रभावित पीड़ित ट्रैक्टर-ट्रॉली पर जीवन यापन कर रहे हैं। उनका कहना है कि प्रशासन एक समय लंच पैकेट भेज रहा है लेकिन बाढ़ राहत किट नहीं मिल पाई है। लेखपाल विनीत सिंह ने बताया कि बाढ़ राहत किट आते ही वितरण प्राथमिकता में कराएंगे।



आप अपना किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित कराये जैसे नीलामी सूचना, बेदखली सूचना, क्रय विक्रय सूचना आदि, वो भी कम कीमत में संपर्क करे - 9277776991

## संक्षिप्त समाचार

# भारतीय जनता पार्टी पारा मंडल की आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यसमिति की बैठक संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच -शैलेन्द्र राठौर





पारा 7 आज 13 जुलाई को आगामी कार्यक्रमों एवं बैठकों को लेकर पारा के लखपुरा राधा स्वामी आश्रम पर जिला महामंत्री सोम सिंह सोलंकी मंडल प्रभारी विजय चौहान जिला महामंत्री अ ज जा मोर्चा वालसिह मसानिया ऊकार सिंह डामोर मंडल अध्यक्ष सज्जन सिंह अमलियार की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया बैठक में जिला महामंत्री सोम सिंह सोलंकी वालसिह मसानिया व मंडल अध्यक्ष सज्जन सिंह अमलियार ने आगामी कार्यक्रमों में समाज के अंतिम व्यक्ति तक जाने व शासन की योजनाओं का पूर्ण लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यह सुनिश्चित करने की अपील गई इस अवसर पर बैठक में जनप्रतिनिधि पार्टी के पदाधिकारी सरपंच पच व पार्टी के सदस्य गण उपस्थित रहे

# कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने ताजिया जुलूस रास्ते को देखा

क्यूँ न लिखूँ सच -राजेंद्र विश्वकर्मा

कोंच( जालौन ) - कोंच कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय भारी पुलिस बल के साथ मोहर्रम के त्योहार को लेकर नगर मे विभिन्न इलाको मे निकलने वाले ताजिया जुलूस वाले रास्ते को देखकर निरीक्षण किया इसके बाद प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने महेश पूरा स्थित ईद गाह के मैदान को भी देखा जहाँ आज पांच तारीख को केवड़ा काटने का प्रोग्राम होता है उसको देखा इस पर प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने की इस मोहर्रम पर्व को लोग शांति सद्भाव के साथ मनाये और कही कोई समस्या है तो पुलिस को जरूर अवगत कराये इस अवसर पर कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे

# विधायक मूल चन्द्र निरंजन और नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता नगर विकास मंत्री से मिले

क्यूँ न लिखूँ सच -राजेंद्र विश्वकर्मा

कोंच( जालौन ) - कोंच( जालौन ) माधोगढ क्षेत्र के भाजपा विधायक मूलचन्द्र निरंजन और कोंच नगर पालिका परिषद के



अध्यक्ष प्रदीप कुमार लखनऊ स्थित नगर विकास विभाग स्थित कार्यालय मे जाकर प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए के शर्मा से मिले पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने उनका गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने नगर विकास मंत्री ए के शर्मा को नगर विकास हेतु विस्तार हेतु गहन चर्चा की और नगर की समस्याएं और भावी योजनाओ के बारे मे भी अवगत कराया है नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने उन्हे आश्वस्त किया की वह नगर के विकास मे सरकार की तरफ से पूर्ण सहयोग किया जावेगा और सरकार विकास कराये जाने को लेकर कार्य कर रही है और बिना भेदभाव के काम पर विश्वास करती है

# माता वैष्णो देवी कटड़ा-गुवाहटी के बीच दो सितंबर तक स्पेशल ट्रेन, इन स्टेशनों पर होगा ठहराव

वैष्णो देवी धाम की यात्रा का प्लान बना रहे हैं तो आपके लिए काम की खबर है। रेलवे माता वैष्णो देवी कटड़ा-गुवाहटी-माता वैष्णो देवी कटड़ा विशेष ट्रेन का संचालन करेगा।यात्रियों की अतिरिक्त



भीड़ को देखते हुए रेलवे 04680/04679 माता वैष्णो देवी कटड़ा-गुवाहटी-माता वैष्णो देवी कटड़ा विशेष ट्रेन का संचालन करेगा। यह ट्रेन दो सितंबर तक अप-डाउन में छह-छह फेरों के लिए चलाई जाएगी। 04680 माता वैष्णो देवी कटड़ा-गुवाहाटी विशेष ट्रेन 12 जुलाई से 30 अगस्त तक प्रत्येक शुक्रवार को रात 9:30 बजे माता वैष्णो देवी कटड़ा से चलने के बाद अगले दिन दोपहर 12:35 बजे बरेली आएगी। इसके बाद सीतापुर, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, छपरा, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया होते हुए तीसरे दिन शाम 9:10 बजे गुवाहटी पहुंचेगी। वापसी में 04679 गुवाहाटी-माता वैष्णो देवी कटड़ा विशेष ट्रेन 15 जुलाई से दो सितंबर तक प्रत्येक सोमवार को रात 11:20 बजे गुवाहटी से चलने के बाद तीसरे दिन तड़के 4:12 बजे बरेली आएगी। इसके बाद रात 8:45 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा पहुंचेगी। इन रूटों पर ट्रेनों का संचालन शुरू - चार दिन बाद बरेली-टनकपुर और पीलीभीत-शाहजहांपुर रेलखंडों पर ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया है। भारी बारिश और बाढ़ के कारण आठ जुलाई की रात यहां कई स्थानों पर कटान हो गया था। बृहस्पतिवार रात नौ बजे रेलखंडों को दुरुस्त करने के बाद शुक्रवार से पैसेंजर ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया गया। देहरादून-टनकपुर एक्सप्रेस को रेलवे अब भोजीपुरा तक चलाएगा। शुक्रवार से 05392 टनकपुर-पीलीभीत, 05394/93 टनकपुर-पीलीभीत-टनकपुर, 05341/42 के अलावा 05395 पीलीभीत-शाहजहांपुर, 05381/82 पीलीभीत-शाहजहांपुर-पीलीभीत, 05418/17 पीलीभीत-शाहजहांपुर-पीलीभीत पैसेंजर ट्रेनों का संचालन शुरू हो गया। शनिवार से 05396 शाहजहांपुर-पीलीभीत और 05391 पीलीभीत-टनकपुर पैसेंजर का संचालन भी शुरू कर दिया जाएगा। वहीं, 15019/20 देहरादून-टनकपुर-देहरादून को शनिवार से बरेली के स्थान पर भोजीपुरा तक चलाया जाएगा। वापसी में यह ट्रेनें बरेली सिटी के स्थान पर भोजीपुरा से यात्रा शुरू करेंगी।

# 3800 किमी चल नई कार हुई खराबी, दूसरी कार या 17.76 लाख रुपये देने के हुए आदेश

कार 3800 किलोमीटर चली। तभी जीटी रोड पर कार अचानक रुक गई। कार को आगरा के वर्कशॉप ले जाया गया। जहां से 14 अप्रैल 2022 को कार वापस कर दी गई। इसके बाद भी कार से आवाज आ रही थी। पिकअप व माइलेज भी चार-पांच किलोमीटर प्रति लीटर कम हो गया। 13 जुलाई 2022 को कार दोबारा रास्ते में रुक गई।अलीगढ़ के जिला उपभोक्ता न्यायालय ने नई कार में खराबी आने के मामले में कार कंपनी को नई कार या उसकी कीमत के 17 लाख 76 हजार रुपये देने के आदेश दिए हैं। कंपनी को 10 हजार रुपये बतौर वाद व्यय देने का आदेश पारित किया है।सिविल लाइंस क्षेत्र के मौलाना आजाद नगर निवासी नूर आलम ने राजीव छाबड़ा, अध्यक्ष व एमडी एमजी मोटर्स, 32 एवेन्यू, लानी खेड़ा, सेक्टर-15, गुरुग्राम (हरियाणा), गुजरात के पंच महल के औद्योगिक अस्थान हलाल चंद्रपुरा के प्रबंधक, आगरा के नगरा परी बाईपास के प्रबंधक व महरावल स्थित कंपनी के प्रबंधक के खिलाफ वाद दायर किया था। नूर आलम के अनुसार 29 नवंबर 2021 को महरावल स्थित शोरूम से पेट्रोल कार यूपी 81 सी 6292 खरीदी थी। इसकी कीमत 17 लाख 76 हजार 700 रुपये थी। 29 मार्च 2022 तक यह कार 3800 किलोमीटर चली। तभी जीटी रोड पर कार अचानक रुक गई। कार को आगरा के वर्कशॉप ले जाया गया। जहां से 14 अप्रैल 2022 को कार वापस कर दी गई। इसके बाद भी कार से आवाज आ रही थी। पिकअप व माइलेज भी चार-पांच किलोमीटर प्रति लीटर कम हो गया। 13 जुलाई 2022 को कार दोबारा रास्ते में रुक गई। आगरा वर्कशॉप में रिपेयरिंग के बाद 19 जुलाई 2022 को कार वापस आई। पीड़ित की ओर से अधिवक्ता अनूप कौशिक ने आयोग में वाद दायर किया। अध्यक्ष व न्यायाधीश हसनैन कुरैशी, सदस्य आलोक उपाध्याय व पूर्णिमा सिंह राजपूत की पीठ ने कंपनी को नई कार या कीमत के रुपये नौ प्रतिशत ब्याज के साथ देने के आदेश दिए हैं।



# अलीगढ़ के बाद अब देश के पांच बड़े शहरों से मौसम गुब्बारा छोड़ेगा इसरो, ये होंगे फायदे

मौसम गुब्बारा की लॉन्चिंग अलीगढ़ में सफल रही। अब देश के पांच बड़े शहरों से भी गुब्बारा उड़ाया जाना है। जल्द ही शहरों के नाम तय कर लिए जाएंगे। इससे होने वाले जलवायु परिवर्तन से लेकर, तापमान, वायु दबाव, आर्द्रता से लेकर अन्य जानकारियों का संग्रह किया जा सकेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अलीगढ़ के बाद अब देश के पांच शहरों में मौसम गुब्बारा उड़ाएगा। इस गुब्बारे से 200 किलोमीटर की परिधि में मौसम का हाल पता चलेगा। मौसम में होने वाले परिवर्तन का अपडेट मिलेगा। 11 जुलाई को एएमयू की छत से भी गुब्बारा उड़ाया गया था।पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सलाहकार व वैज्ञानिक डॉ. जगवीर सिंह ने कहा कि मौसम गुब्बारा की लॉन्चिंग अलीगढ़ में सफल रही। अब देश के पांच बड़े शहरों से भी गुब्बारा उड़ाया जाना है। जल्द ही शहरों के नाम तय कर लिए जाएंगे। इससे होने वाले जलवायु परिवर्तन से लेकर, तापमान, वायु दबाव, आर्द्रता से लेकर अन्य जानकारियों का संग्रह किया जा सकेगा। जिन शहरों में भी गुब्बारा उड़ाया जाएगा वहां बड़ी संस्थाओं से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का करार होगा। इस करार के बाद ही गुब्बारा उड़ाया जाएगा। जीपीएस ऐसे भेजेगा डेटा- परियोजना समन्वयक प्रो. अतीक अहमद ने बताया कि मौसम गुब्बारा में करीब छह मीटर की रस्सी बंधी होती है, जिसके अंतिम छोर पर रोडियोसोंड उपकरण लगा है। इसके दाहिनी ओर लगे जीपीएस से लोकेशन की जानकारी मिलेगी। बायीं ओर सेंसर लगा है, जो तापमान, आर्द्रता, दबाव, हवाओं की दिशा-गति की जानकारी एकत्र कर ट्रांसमीटर को देगा। ट्रांसमीटर भूगोल विभाग की छत पर लगे रिसीवर को डेटा भेजेगा, जो स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। आसमान में 35 किलोमीटर की ऊंचाई पर जाकर गुब्बारा फट जाता है। ये होंगे फायदे- भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अहमद मुज्तबा सिद्दीकी ने बताया कि इस मौसम गुब्बारे का फायदा किसानों को होगा। मौसम पूर्वानुमान से प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम किया जा सकता है। 32 किमी की ऊंचाई पर था ऋणात्मक 80 डिग्री सेल्सियस तापमान- प्रो. अतीक अहमद ने बताया कि 11 जुलाई को मौसम गुब्बारा 32 किलोमीटर ऊपर जाकर फट गया था। उस वक्त रेडियोसोंड उपकरण में दर्ज किए गए आंकड़े के अनुसार, वहां का तापमान ऋणात्मक 80 डिग्री सेल्सियस था, जब वह नीचे आया, तब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस था। इसी तरह आर्द्रता 32 किलोमीटर पर 90 थी और जमीन पर 70 दर्ज की गई है। एक गुब्बारे पर आता है 40 हजार का खर्च- प्रो. अतीक अहमद ने बताया कि एक मौसम गुब्बारा छोड़ने पर 40 हजार रुपये का खर्च आता है। एएमयू ने 30 गुब्बारे मंगाए हैं। पहला गुब्बारा छोड़ा जा चुका है। अब हर 15 दिन में गुब्बारा छोड़ा जाएगा। दूसरा गुब्बारा 26 जुलाई को छोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि जब गुब्बारा फटता है, तब रेडियोसोंड उपकरण नीचे आ जाता है। इस रेडियोसोंड पर मोबाइल नंबर और पता लिखा होता है। अगर किसी को मिल जाए तो वह संबंधित मोबाइल नंबर पर कॉल करके उपकरण दे सकता है। इससे काफी रुपये की बचत हो सकती है, लेकिन ऐसा मुमकिन नहीं होता है। उन्होंने कहा कि पहले शोधार्थी थ्योरी में जलवायु परिवर्तन की जानकारी पढ़ते थे, लेकिन अब उन्हें प्रैक्टिकल करके दिखाया गया है। रेडियोसोंड से मिले डेटा का विश्लेषण किया जाएगा। अब लाइटनिंग उपकरण छोड़ा जाएगा, बिजली गिरने का होगा पूर्वानुमान- इस प्रोजेक्ट से जुड़े लोगों का कहना है कि जल्द ही लाइटनिंग (बिजली) उपकरण भी छोड़ा जाएगा। इससे बिजली गिरने का पूर्वानुमान हो जाएगा। मछुआरों को पहले आगाह कर दिया जाएगा। इसी तरह पहाड़ी क्षेत्रों के लोगों को बादल फटने और भूस्खलन के बारे में भी पहले से जानकारी मिल जाएगी।



# अयोध्या के बाद बदरीनाथ...भाजपा की मंगलौर में अभेद दुर्ग भेदने की रणनीति भी नाकाम

उत्तराखंड उपचुनाव के नतीजों ने भाजपा को बड़ा झटका दिया है। मंगलौर सीट के साथ ही भाजपा बदरीनाथ सीट भी हार गई।अयोध्या के बाद भाजपा के बदरीनाथ सीट भी हार जाने के कई मायने निकाले जा रहे है। मंगलौर सीट पर भाजपा का कभी कब्जा नहीं रहा, लेकिन बदरीनाथ सीट खास थी। प्रदेश में दो विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम सामने आने के साथ ही भाजपा को झटका लगा है। मंगलौर के साथ ही भाजपा बदरीनाथ सीट भी हार गई। मंगलौर सीट पर भाजपा ने करतार सिंह भड़ाना को मैदान में उतारा था, लेकिन भड़ाना कांग्रेस प्रत्याशी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन से मात खा गए। वहीं बदरीनाथ में भाजपा ने राजेंद्र भंडारी पर भरोसा जताया था, लेकिन कांग्रेस के लखपत सिंह बुटोला से भंडारी मात खा गए।बदरीनाथ और मंगलौर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में कांग्रेस ने अपनों पर विश्वास जताया था। पार्टी ने दोनों सीटों पर उन चेहरों को मैदान में उतारा, जो कांग्रेस से लंबे समय से जुड़े हैं। दिलचस्प बात यह है कि प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा ने जिन चेहरों पर दांव लगाया, वो दोनों ही उसकी सांगठनिक नर्सरी से नहीं थे।भाजपा की उम्मीदों से बिल्कुल उलट आए नतीजे- बदरीनाथ सीट पर भाजपा प्रत्याशी को हराने वाले 49 वर्षीय लखपत सिंह बुटोला पिछले दो दशक से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए हैं। कांग्रेस प्रदेश मीडिया प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता के पद पर रहे और 2011 में थाला,पोखरी से जिला पंचायत सदस्य रहे। 2015 में कुछ समय के लिए चमोली जिला पंचायत अध्यक्ष की कमान भी संभाली। वहीं लोकसभा चुनाव से ठीक पहले अपने दलों को छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले चेहरों को भाजपा ने टिकट दिया। यही कारण रहा कि कांग्रेस उन्हें आयतित प्रत्याशी बता भाजपा पर तंज कस कसती रही। इसके अलावा मंगलौर विस सीट बसपा का गढ़ रही है। राज्य गठन के बाद हुए पांच विधानसभा चुनाव में इस सीट पर चार बार बसपा ने जीत हासिल की, जबकि एक बार कांग्रेस को जीत मिली।मंगलौर सीट पर भाजपा प्रत्याशी को मात देने वाले काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने बसपा के टिकट पर यहीं से 2002 व 2007 का विस चुनाव जीता था। कांग्रेस में शामिल होने के बाद काजी ने 2012 विस चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा, लेकिन बसपा प्रत्याशी सरवत करीम अंसारी से लगभग 700 मतों के अंतर से हार गए, लेकिन आज उन्होंने जीत दर्ज की।



## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में 10 आईपीएस अफसरों के तबादले, जालौन सहित छह जिलों के एसपी बदले गए

यूपी में शनिवार को जालौन, एटा, हरदोई, शामली, बिजनौर और गाजीपुर के पुलिस अधीक्षकों के तबादले हुए है। प्रदेश में 10 आईपीएस अफसरों के ट्रांसफर किए गए हैं।यूपी में शनिवार को छह जिलों के पुलिस अधीक्षकों समेत 10 आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं।जालौन, एटा, हरदोई, शामली, बिजनौर और गाजीपुर के पुलिस अधीक्षकों के तबादले हुए हैं। आईपीएस श्याम नारायण सिंह एटा के नये पुलिस अधीक्षक बने हैं। आईपीएस अभिषेक बिजनौर, आईपीएस नीरज कुमार जादौन को हरदोई, आईपीएस ईराज राजा को गाजीपुर, आईपीएस रामसेवक गौतम को शामली का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

### सपा विधायक की बढ़ी मुश्किलें, अतुल प्रधान पर आरोप तय, इस मामले में हुई कार्रवाई

समाजवादी पार्टी के सरधना से विधायक अतुल प्रधान की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अतुल प्रधान के मुकदमों में न्यायालय ने आरोप तय कर दिए हैं। किस मामले में ये कार्रवाई हुई है आगे जानिए।मेरठ न्यायालय एसीजेएम प्रथम विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट नदीम अनवर की अदालत में समाजवादी पार्टी के सरधना क्षेत्र के



विधायक अतुल प्रधान के मुकदमों में न्यायालय ने आरोप तय किए हैं। विधायक के अधिवक्ता गगन राणा ने बताया कि आरोपी अतुल प्रधान के खिलाफ थाना फलावदा में वर्ष 2022 में आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा पंजीकृत हुआ था। इसके अलावा वर्ष 2015 में चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी के बाहर जाम लगाकर पुतला फूंकने के आरोप में और दौराला क्षेत्र में वर्ष 2019 में चुनाव आचार संहिता उल्लंघन से संबंधित मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इन मुकदमों में अतुल प्रधान के चार्ज न्यायालय में बनाए गए तथा आगामी सुनवाई के लिए न्यायालय ने एक अगस्त 2024 की तिथि निर्धारित कर दी है।पेड़ कटान के खिलाफ भी अतुल ने चला रखा है आंदोलन- सपा विधायक अतुल प्रधान ने गंगनहर के किनारे पेड़ कटान के विरोध में पेड़ चिपको आंदोलन चला रखा है। उन्होंने कहा कि पेड़ों का कटान अवैध रूप से नियम विरुद्ध किया जा रहा है। पेड़ मेरठ में कट रहे हैं और लगेंगे कहीं ओर। विधायक अतुल प्रधान ने इस मामले में वन राज्यमंत्री केपी मलिक से बात की व सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को पूरा मामला बताया है। वहीं एनजीटी इस मामले में सुनवाई 25 जुलाई को सुनवाई करेगी। चर्चा है कि वन विभाग के अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो सकती।

### अमेठी के सांसद बोले- राहुल गांधी का बयान बिल्कुल ठीक... हमें ऐसी भाषा से बचना चाहिए


अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने राहुल गांधी के बयान का समर्थन किया है और कहा कि हमें सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का पालन करना चाहिए। राजनीति में हार-जीत लगी रहती हैअमेठी




से सांसद किशोरी लाल शर्मा ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के बयान पर कहा कि राजनीति में हार-जीत लगी रहती है। राहुल जी हमेशा ही सार्वजनिक जीवन में मर्यादा का पालन करते हैं। अमेठी सांसद ने कहा कि हमें ऐसी भाषा से बचना चाहिए। बता दें कि राहुल गांधी ने सोशल मीडिया साइट पर कहा कि स्मृति ईरानी और अन्य नेताओं के खिलाफ अभद्र टिप्पणियां न करें। जीवन में हार-जीत लगी रहती है। उन्होंने ये टिप्पणी ऐसे समय में की थी जब अमेठी में हार के बाद स्मृति ईरानी अपना सरकारी बंगला खाली कर रही थीं तो सोशल मीडिया पर लोग उन पर कटाक्ष कर रहे थे। स्मृति ईरानी अपने आक्रामक व्यवहार के लिए जानी जाती हैं और वो अपने भाषणों में कांग्रेस और गांधी परिवार पर कटाक्ष करती रही हैं।

# Skin Care Tips: Potato juice is a boon for the skin, know its benefits and the right way to use it

The monsoon has started, so it is very important to take care of the skin. If you do not take care of your skin properly, then it causes many types of problems. Due to stickiness in this



season, pimples, acne and other problems also start arising on the face. Although you will find many types of skin care products in the market which work to correct the skin, but many people do not trust these products. In such a situation, you can adopt home remedies. If you want to get glowing skin, then you can also use potato juice in skin care. Using potato juice will get you rid of many problems. Along with that, it is also very simple to use. Let us tell you its benefits and the right way to use it. Method of extracting potato juice - For this, first wash the potato thoroughly and peel it. Then grate it and extract its juice. Now you can filter it and keep the clear juice aside in a bowl. Method of use- Apply potato juice on the face with a clean cloth or cotton. You can apply it all over the face. Let it dry for 10-15 minutes and then wash the face with plain water. After washing the face with cold water, pat it dry with a towel. This will greatly benefit your skin. Skin glow will remain intact- Potato juice helps in improving the complexion of the skin and helps in maintaining the natural glow on the face. Pigmentation will go away- The enzymes and vitamin C present in potatoes help in reducing skin blemishes and pigmentation. This also makes your skin glow. Reduce pigmentation- The enzymes and vitamin C present in potatoes help in reducing skin blemishes and pigmentation. This brightens your skin. Prevents increasing wrinkles- Potato juice contains antioxidants that refresh the skin and can reduce wrinkles. In such a situation, if you want, you can use it regularly.



# If you are going to your maternal home for the first time in Sawan after marriage, then get ready like this, people will praise you on seeing this

The month of Sawan is very important in Hinduism. It is believed that if Lord Shiva and Mother Parvati are worshipped with a true heart in this month, then every wish is fulfilled.





This is the reason why people start trying to please God with a true heart throughout this month. There are many customs and traditions in Hinduism for this month, which are followed even today. One of these traditions is that in the month of Sawan, married women do 16 Shringar, wear green bangles and green saree. Apart from this, married women also go to their maternal home in the first Sawan after marriage. If you are also going to your maternal home for the first time in Sawan after marriage this time, then you can spread your charm by getting ready in a special way. Let us tell you what kind of outfit you should wear to your maternal home and how to get ready. Saree- This is the occasion of Sawan, so a beautiful green saree will be perfect for this occasion. If you want, you can wear silk, cotton or georgette saree, which will make you feel comfortable and will also give you a traditional look. Suit- If you do not want to wear a saree, then Anarkali or any other traditional suit can also be a good option. It will give you a traditional look as well as comfort. The suit is quite comfortable. Jewellery- If you are going to your parents' house, then make sure to wear jewellery. If you do not like heavy jewellery, then wear such light jewellery which will make your outfit even more beautiful. Gold bangles, earrings and a light necklace will be enough to complete your look. Do not forget to wear green bangles with it. Hairstyle- It is the rainy season, so the humidity has also increased a lot. So tie your hair in a beautiful hairstyle, such as a bun or braided hairstyle, which will make you look more attractive. Footwear- Wear traditional shoes or sandals according to your comfort in your maternal home, which match your outfit and also make you feel comfortable. Makeup- It rains a lot in the month of Saavan. In such a situation, do soft and natural makeup. Light lipstick, kajal, and a little blush will complete your look.



# Passport Rules: In which countries passport thefts happen more? Know what to do in such a situation

Whenever we have to go abroad, we first need a passport for this. If you have a passport, then after this you can go abroad by getting a visa. But in the midst of all this, the recent news that came from Europe has made everyone worried about their passport. Actually, TV actress Divyanka Tripathi has gone to Italy with her husband Vivek Dahiya. Where during the trip, her passport and goods worth Rs 10 lakh were stolen. In such a situation, it becomes important for you to know that if this ever happens to you, that is, if your passport is stolen abroad, then what steps should you take so that you can return to your country. So let's know what is its process. You can know about this further ... If we talk about those countries where passport thefts happen more, then recently such an incident happened in Italy which happened with TV actress Divyanka Tripathi. In such a situation, if you are also going abroad and your passport gets stolen there, then you should take some necessary steps immediately so that you do not face any problem. Take these steps immediately if your passport is stolen:- Number 1- If your passport is stolen, first of all do not panic or get worried. First of all you have to complain to the police for which you can go to your nearest police station. Also do not forget to take a copy of the complaint because you will need it later. Then you have to contact the Indian Embassy and tell them the entire incident. Number 2- After giving full information to the embassy, ????you can either apply for a new passport or get an emergency certificate. Know here that after applying for a new passport, you have to wait for at least one week. At the same time, you can get a new visa by showing a copy of your old visa at the embassy. You have to apply for a visa because as soon as your passport is stolen, the old visa also expires. To get a new visa, you need a passport or emergency certificate along with a copy of the complaint made to the police. After this, your way to return to your country becomes clear.



# Indian 2 X Review: Audience disappointed after watching 'Indian 2', some called it average and some said it is a boring film

Kamal Haasan's new film 'Indian 2' has been released today. Kamal's fans have got a chance to see him in the role of a general after 28 years. On the first day, many fans of Kamal Haasan watched 'Indian 2' and shared their reactions on social media, which mostly indicate that




something is missing in the film. It is often seen that whenever a big film is released, users share their reactions on social media platform X and since 'Indian 2' is also a big film, it is obvious how users would stay behind in expressing their views. As soon as the audience saw 'Indian 2', they started writing their reviews on X. Calling 'Indian 2' an average film, a user wrote that the first 30 minutes were very bad. Another user felt the lack of 'emotional connection' in the film and called 'Indian 2' a typical template of director Shankar. The third user clearly called 'Indian 2' disappointing and wrote that its story is bad. Although the user praised the camera work, he also called the makeup and editing bad. Another user wrote that 'Indian 2' is an old and boring type of film. Although it tries to give a message of honesty, it has been made in a boring manner. The user further wrote that director Shankar has tried to repeat the story of his previous films, in which he could not succeed. 'Indian 2' is the sequel of Indian released in the year 1996, in which Kamal Haasan played a double role. Kamal's fans were eagerly waiting for this film, but looking at the kind of reactions coming, it seems that everyone's enthusiasm is cooling down fast. Let us tell you that many actors including Siddharth, SJ Surya, Kajal Aggarwal, Rakul Preet, Bobby Simha and Samuthirakani have acted in this film.




# Zeenat Aman was pregnant during the film 'Daku Haseena', shooting was done hiding her stomach

Zeenat Aman is a famous actress of the Hindi film industry, who has been one of the busiest actresses of her time. She has garnered praise for her acting in many great films like 'Satyam Shivam Sundaram', 'Don' and 'Qurbani'. Apart from this, she is also very active on Instagram. Her fans also eagerly wait for her posts. Recently, the actress has shared a post about her film





'Daku Haseena'. In this, she has shared her interesting experiences related to the film. Sharing the poster of this film, the actress wrote that this was one of her last films, after which she took a long break from films. She wrote, "This was one of my last films before taking a long break from films. I became pregnant during the initial days of shooting for the film. By the time the film was over, I was in my third trimester. I used to have a slim body, which naturally swelled up during those days, so the film team took many creative shots to hide my protruding belly." She further wrote that her main concern was the safety of her unborn child. However, luckily all those scenes were shot without any accident. Adding further, the actress wrote that she did not realize that the father of her children, Mazhar, also had a special role in this film. He appeared in a qawwali in this film, referring to which she wrote that she was not aware of it at all. She had completely forgotten this. Zeenat wrote that this film was released in 1987 and was in line with the atmosphere of that time. The film did not do very well at the box office, but for her, this poster is a treasure of old memories, which she wanted to share with the people. The actress regretted and wrote that she wished she could find more such pictures of this film, because her look in this film was very good. Talking about the work front of the actress, she has recently completed her upcoming project 'Bun Tikki'. It is directed by famous fashion designer and now director Manish Malhotra. Shabana Azmi and Abhay Deol will also be seen with her in this film.

# 'Some people come to eat food...,' Sonakshi Sinha takes a dig at uninvited guests at the wedding

Sonakshi Sinha and Zaheer Iqbal got married on June 23 in the presence of their loved ones. The intimate ceremony in Bandra was the talk of the town, and was followed by a wedding celebration at Bastian, which was attended by several Bollywood celebrities. Now, in a recent interview, Sonakshi has made a big revelation about her wedding party. The actress confirmed that some gatecrashers were also present at the party. In an interview with News 18, Sonakshi Sinha confirmed the presence of gatecrashers. She said, 'There were wedding crashers here and there, but I was too busy having a good time. I am glad that they had a good time too. Every wedding, whether it is big or small, people disrupt it. Some people come to eat food.' About planning her wedding in an intimate ceremony, Sonakshi said, 'An intimate wedding was always planned. We both always wanted a wedding like this. Zaheer and I were very clear that our wedding should reflect the bond between us and our love for each other.'The gatecrashers speculation was first pointed out by trans model and actor Sushant Divgikar, who was present at the party. The former Bigg Boss contestant wrote, 'Just experienced so many people trying to gate crash a celebrity wedding, I can't believe people would dress up fully, pretend as if they are invited and then quietly walk in!! What happiness? So you can enter and just make some reels?' Sonakshi dropped a laughing emoji on this. Sonakshi Sinha's latest release is the horror comedy 'Kakuda', which also stars Riteish Deshmukh and Saqib Saleem in the lead roles. The film has released on ZEE5 today. 'Kakuda' has received mixed response from critics and audiences.

